13. Mrs. Banerjee, learned Advocate for the workmen drew my attention to the case of Mohan Lal v. Management of M/s. B. E. Ltd. 1981 (2) SLR 11 where it was held that termination of service in violation of provisions of section 25F is void ab initio and such termination does not bring about a cessation of service of the workman. My attention was also drawn to the case of Delhi Cloth & General Mills v. Shambhu Nath reported in AIR 1978 SC 8 where it was held that termination of service is retrenchment within the meaning of section 2(oo) of the Act. Reference was also made to the case of Santosh Gupta v. State Bank of Patiala reported in AIR 1980 SC 1219 where it was held that the retrenchment includes every kind of termination. In the case of State Bank of India v. Sundara Money reported in AIR 1976 SC 1111 it was held that termination embraces not merely the act of termination by the employer, but the fact of termination howsoever produced. It is therefore clear that the service of Biswanath Dasgupta having been terminated without compliance of provisions of section 25F of the Industrial Disputes Act, 1947 is void ab initio.

14. In respect of the relief to be granted to this workman Biswanath Dasgupta, learned Advocate for the workmen submitted that he should be reinstated with back wages along with all consequential reliefs. Since the termination of service was void ab initio and since the workmen must be deemed to have been in continuous service from the date of termination of his service because of non-compliance of the statutory provisions of section 25F of the I.D. Act that I am inclined to grant him the said reliefs. In the case of Union of India v. Ratan Kumar & Anrs reported in (1992) Administrative Tribunals Cases 241 it was held that in case of termination of service without compliance of provisions of section 25F of the Industrial Disputes Act, 1947, the proper relief shall be reinstatement with back wages and not mere one month's pay and that the employee was a part-time employee is inconsequential in this matter.

15. The management is accordingly directed to reinstate this workman namely Biswanath Dasgupta in service from 31-10-1983 and to pay him all back wages alongwith all consequential benefits that might have been accrued to him treating him as in continuous service from the date of his appointment.

16. Since this Tribunal has only considered the case of the three concerned workmen, namely, Ashis Das, Biswanath Dasgupta and Badal Chandra Dhar on merit out of the 15 workmen whose names were forwarded for consideration in this reference, but the case of other twelve workmen having not been considered because of purely technical reason that they did not examine themselves, liberty is given to the remaining twelve workmen to approach the Central Government for a fresh reference in their matter, if they so choose.

This is my Award.

Dated, Calcutta,

The 3rd December, 1997.

A. K. CHAKRAVARTY, Presiding Officer

नई दिल्ली, 6 जनवरी, 1998

का०आ० 250.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार पोस्टल डिपार्टमेन्ट (एस पी ओ एस), सिरोही के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण, जोधपुर के पंचाट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 6-1-98 को प्राप्त हुआ था ।

[सं० एल-40012/78/89-डी० 2 (बी)]
के०वी०बी० उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 6th January, 1998

S.O. 250.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award of the Industrial Tribunal, Jodhpur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Postal Deptt. (SPOS), Sirohi and their workman, which was received by the Central Government on the 6-1-98.

[No. L-40012/78/89-D2(B)]
K. V. B. UNNY, Desk Officer

अनुबन्ध

औद्योगिक विवाद अधिकरण एवं श्रम न्यायालय,

जोधपुर

पीठासीन अधिकारी : श्री चांदमल तोतला, आर०एच०जे०एस०

औ० विवाद संख्या (केन्द्रीय) : 3/1992

श्री महेन्द्रसिंह पुत्र श्री मंगलसिंह डाबी, नेयावास नं० 2, सिरोही ...प्रार्थी

बनाम

सुपरिनटेंडेंट पोस्ट ऑफिस, सिरोही (राजस्थान) ...अप्रार्थी

उपस्थिति :

(1) प्रार्थी की तरफ से श्री एम० एल० काला एडवोकेट

(2) अप्रार्थी की तरफ से श्री बी० पी० बोहरा एडवोकेट

अधिनिर्णय

दिनांक 13-11-1997

श्रम मंत्रालय भारत सरकार ने अधिसूचना संख्या 40012/78/89-डी०2(बी) दिनांक 31-5-1990 के आदेश से श्रमिक व नियोजक के मध्य उत्पन्न हुआ निम्नांकित औद्योगिक विवाद अधिनिर्णय हेतु औद्योगिक अधिकरण दिल्ली को प्रेषित किया तथा श्रम मंत्रालय भारत सरकार के ही आदेश सं० 317 दिनांक 22-6-92 के अनुसार इस न्यायालय को प्रेषित होकर दिनांक 26-6-1992 को पंजीबद्ध हुआ :—

"Whether the action of the postal Deptt. (SPOS Sirohi) in terminating the service of Sh. Mahendra Singh S/o Sh. Mangal Singh Dabi Ex. EDBPM w.e.f. 2-3-89 is just and legal ? If not to what relief is the worker concerned entitled & from what date ?"

विपक्षी की ओर से एक प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुआ है कि सम्मानीय उच्चतम न्यायालय ने ए०आई०आर० 1996 एस०सी० 1271 में यह निर्णित किया है कि डाक व दूर-संचार विभाग उद्योग नहीं है, प्रार्थना-पत्र के अनुसार विपक्षी नियोजक औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 2(जे) के अन्तर्गत उद्योग की श्रेणी में नहीं आता अतः यह श्रम विवाद खारिज किया जावे । इसका उत्तर प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत हुआ तथा इस आवेदन का निर्णय किया जाना है ।

संक्षेप में क्लेम का उल्लेख कर देना उचित है । प्रार्थी के क्लेम के अनुसार उसकी सर्वप्रथम नियुक्ति विपक्षी के यहां ई०डी०बी०पी०एम० के पद पर 10-11-87 को हुई जहां वह 30-3-88 तक कार्य करता रहा तथा इस अवधि में कुल 142 दिन कार्य किया जिसके पश्चात् प्रार्थी की पुनः इसी पद पर नियुक्ति 1-8-88 को डाकघर गोल में हुई जहां उसने 1-3-89 तक कुल 214 दिन कार्य किया तथा उसके बाद 2-3-89 को उसे सेवा से अलग कर दिया गया एवं प्रार्थी ने इस अवधि में कुल 356 दिन कार्य कर लिया है और अधिशेष (सरप्लस) की अवधि शामिल कर लिये जाने पर यह कार्य दिवस और बढ़ जाते हैं परन्तु प्रार्थी को सेवा से पृथक करने से पूर्व औद्योगिक विवाद अधिनियम के प्रावधानों की पालना नहीं की गई एवं प्रार्थी सेवा में पुनर्स्थापित होने तथा तमाम वेतन इत्यादि प्राप्त करने का अधिकारी है ।

विपक्षी ने अपने उत्तर में बताया है कि डाकपाल पाडीव ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था जिस पद को भरने के लिए नियमानुसार प्रक्रिया अपनाते हुए नियोजन कार्यालय से सूची मांगी गई तथा डाकघर सिरोही कार्यालय की अनुमति के बिना डाक अधिवर्षक श्री मंगलसिंह सिरोही ने इस पद का चार्ज 10-11-87 को अपने पुत्र महेन्द्रसिंह को दे दिया तथा इस पद को भरने के लिए नियोजन कार्यालय से सूची प्राप्त नहीं होने पर 20-11-87 को विज्ञापन किया गया तथा 6 व्यक्तियों के आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से एक प्रार्थी का भी था एवं यह मामला डाकपाल पाडीव के समक्ष विचाराधीन था यह डाकवाहन पाडीव का पद समाप्त हो गया तथा एक अन्य श्री अमृतलाल सरप्लस भी हो गया अतः अमृतलाल को 30-3-88 को नियुक्त कर महेन्द्रसिंह को भारमुक्त कर दिया तथा प्रार्थी पूरी तरह से अस्थायी कार्मिक था जिसने कुल चार माह 20 दिन कार्य किया । उत्तर में बताया गया है कि इसके बाद अ० वि० शाखा डाकपाल गोल श्री हीरालाल ने त्यागपत्र दे दिया जो 14-7-88 को स्वीकार होकर डाकघर सिरोही को निर्देश दिया गया कि अ० वि० वाहन से पद भर दिया जावे परन्तु अ० वि० डाकपाल श्री सोनाराम अनपढ़ था अतः सरप्लस या बाहरी व्यक्ति को लगाने के आदेश दिये तो 1-8-88 को निरीक्षक डाकघर सिरोही द्वारा डाकपाल शाखा गोल का चार्ज प्रार्थी को दिया था, जिसके पहले एक अन्य सरप्लस श्री मोहनलाल व अन्यों को इस पद पर आने हेतु लिखा गया जिन्होंने असमर्थता प्रकट की तथा फिर

नियोजन कार्यालय से सूची मंगवाई गई तथा 6-2-1989 को एक अन्य सरप्लस श्री तारा राम ने इस कार्य हेतु निवेदन किया, जो 12-8-88 को सरप्लस हुआ था वह अनुसूचित जाति व विकलांग था अतः उसे शाखा गोल में अ० वि० डाकपाल नियुक्त किया गया तथा अन्ततः अ० वि० डाकपाल गोल का चार्ज श्री तारा राम सरप्लस कर्मचारी को दे दिया गया । उत्तर में बताया गया है कि इस तरह प्रार्थी का कोई दावा नहीं बनता है तथा उसे पूर्णतया अस्थाई तौर पर स्टोपगेप के आधार पर लगाया गया है तथा प्रार्थी की कभी भी नियमित नियुक्ति नहीं रही, प्रार्थी सरप्लस में नहीं आता । उत्तर में यह भी बताया गया है कि प्रार्थी की नियुक्ति अस्थाई तौर पर जब तक थी जब तक सक्षम व्यक्ति नियुक्त नहीं हो जावे अतः उसे पुर्नस्थापित किये जाने, नोटिस दिये जाने का कोई प्रश्न ही नहीं है । उत्तर में यह भी बताया है कि प्रार्थी ने अपने इस क्लेम प्रार्थनापत्र को बिना शर्त 10-2-94 को वापस ले लिया था । व्यय सहित क्लेम अस्वीकार किये जाने की प्रार्थना की ।

विपक्षी की ओर से दिनांक 14-11-1994 को आवेदन प्रस्तुत कर यह बताया गया कि प्रार्थी ने एक शपथ-पत्र अधीक्षक डाकघर सिरोही के समक्ष प्रस्तुत किया जिसमें उल्लेख किया कि वह इस लम्बित प्रकरण को बिना शर्त वापस लेता है, प्रार्थी के इस पत्र की प्रतिलिपी भी प्रस्तुत की गई तथा प्रार्थी ने 15-12-1994 को आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उसने कोई समझौता नहीं किया उसे धमकी देकर दस्तखत करवाये गये तथा वह इस प्रकरण को चलाना चाहता है ।

विपक्षी नियोजक ने अपने आवेदन में बताया है कि माननीय उच्चतम न्यायालय की व्यवस्था ए०आई०आर० 1996 एस०सी० 1271 के अन्तर्गत विपक्षी डाक-तार विभाग उद्योग की श्रेणी में नहीं आता । प्रार्थी श्रमिक की ओर से प्रस्तुत उत्तर में बताया गया है कि विपक्षी ने क्लेम के उत्तर में ऐसा कोई एतराज नहीं लिया है तथा प्रार्थी वर्कमैन है या नहीं तथा पोस्टल विभाग उद्योग है या नहीं, यह तथ्यों व विधि का मिश्रित प्रश्न है, जो साक्ष्य से ही निर्णित हो सकेगा । यह भी बताया गया है कि औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 2(एस) में राजस्थान राज्य के स्टेट एमेण्डमेन्ट के अनुसार विशेष परिभाषा अपनाई गई है जिसके अन्तर्गत प्रार्थी वर्कमैन व विपक्षी उद्योग की श्रेणी में आता है । दूसरे राज्यों में अपनी-अपनी परिभाषा को लागू किया गया है । उत्तर में 1983 एल०आई०सी० 135 केरला उच्च न्यायालय तथा 1980 एल०आई०सी० 508 कलकत्ता उच्च न्यायालय, 1981 एल०आई०सी० (एस०ओ० सी०) 68 कलकत्ता उच्च न्यायालय का उल्लेख कर बताया गया है कि इनमें भी पोस्टल एण्ड टेलीग्राफ विभाग को उद्योग माना है । प्रार्थी ने अपने उत्तर में यह बताया है कि ए०आई०आर० 1996 एस०सी० 1271 व्यवस्था गुजरात स्टेट की परिभाषा के अनुसार है । अतः इस मामले में लागू नहीं होती तथा निर्णय पुराने मुकदमों पर भी लागू नहीं हो सकता, इसके भविष्य में ही प्रभाव हो सकते हैं ।

इस तरह विपक्षी नियोजक द्वारा प्रस्तुत व्यवस्था ए० आई० आर० 1996 उच्चतम न्यायालय 1271 सब डिवीजनल इन्सपेक्टर ऑफ पोस्ट बेगम व अन्य बनाम थैयम जोसेफ में प्रतिपादित सिद्धान्त इस प्रकरण में लागू नहीं होता । यहां यह उल्लेख कर देना उचित है कि प्रार्थी श्रमिक द्वारा दिये गये उत्तर में जिन व्यवस्थाओं का उल्लेख किया गया है उनमें से कोई भी व्यवस्था न्यायालय के अवलोकनार्थ प्रस्तुत नहीं की जा सकी तथा तर्कों के दौरान ऐसा उल्लेख किये जाने पर बताया गया कि यह व्यवस्थाएं अभिभाषक प्रार्थी को उपलब्ध नहीं हो सकी ।

सम्माननीय उच्चतम न्यायालय की व्यवस्था का आदरपूर्वक अवलोकन किया गया । इस व्यवस्था में "एक्स्ट्रा डिपार्टमेन्टल एजेन्ट" का मामला था जिसके ऊपर एक्स्ट्रा डिपार्टमेन्टल स्टाफ की नियुक्ति के नियम लागू होते थे, तथा विशेष परिस्थितियों में ही उनको लिया जाता था । यहां यह उल्लेखनीय है कि इस मामले में भी आवेदन के अनुसार प्रार्थी को ई०डी०बी०पी०एम० के पद पर नियुक्त किया गया अर्थात "एक्स्ट्रा डिपार्टमेन्टल स्टाफ" के बतौर नियुक्त किया गया था । सम्बन्धित नियमों में सेवा समाप्ति का भी प्रावधान था अतः निर्धारित किया गया कि ई०डी० एजेन्ट्स इन नियमों से प्रभावित होते है, उन पर यह नियम लागू होते है । यह भी निर्धारित किया गया कि नियम 6 के अन्तर्गत एक माह का वेतन व मंहगाई भत्ता दिया जाना चाहिये । इसी व्यवस्था के पैरा 6 में निम्न वर्णित किया गया है :—

> "Having regard to the contentions, the question arises whether the appellant is an Industrial ? India as a sovereign socialist, secular democratic republic has to establish an egalitarian social order under rule of law. The welfare measures partake the character of sovereign functions and the traditional duty to maintain law and order is no longer the concept of the State. Directive principles of States policy enjoin on the State diverse duties under Part IV of the Constitution and the performance of the duties are constitutional functions. One of the duties of the State is to provide telecommunication service to the general public and an amenity, and so is one essential part of the sovereign, functions of the State as a welfare State. It is not, therefore, an industry."

प्रार्थी श्रमिक का तर्क है कि उत्तर में ऐसी कोई आपत्ति नहीं उठाई गई है कि विपक्षी अधिनियम के अन्तर्गत उद्योग में नहीं आता । इस बारे में केवल यह उल्लेख कर देना उचित होगा कि यह पूरी तरह से कानूनी प्रश्न है जिसे इस न्यायालय में उत्तर में स्पष्ट शब्दों में उठाया जाना आवश्यक नहीं था तथा इसके अतिरिक्त उत्तर के पैरा-II में बताया गया है कि अप्रार्थी उद्योग की श्रेणी में नहीं आता है ।

विपक्षी की ओर से सम्माननीय उच्चतम न्यायालय की उपरोक्त व्यवस्था गुजरात के नियमों पर आधारित होना बताया गया है तथा उपरोक्त अनुसार व्यवस्था को देखते

हुए यह तर्क मानने का कोई आधार नहीं रह जाता है। इसी तरह औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 2(एस) के अन्तर्गत वर्कमन की परिभाषा में राजस्थान राज्य के संशोधन की तरफ भी न्यायालय का ध्यान आकर्षित किया गया है। संशोधन को इस न्यायालय द्वारा देखा गया। इन्डस्ट्रीयल लॉ बाई श्री पी०एल० मलिक—17वां संस्करण 1996 ईस्टर्न बुक कम्पनी लखनऊ में धारा 2(एस) के अन्तर्गत राजस्थान के संशोधन का उल्लेख है जिसके अनुसार अधिनियम में जो परिभाषा है उसमें राजस्थान राज्य में "by an employer or by a contractor in relation to the execution of his contract with such employer" बताया गया है, परिभाषा में यह परिवर्तन केवल मात्र कोन्ट्रेक्ट वर्कर इत्यादी को प्रभावित करते है तथा इस मामले को किसी तरह से प्रभावित नहीं करते। विपक्षी का एक मुख्य तर्क यह भी है कि यह एक must question of law of facts है यह तर्क सारहीन प्रतीत होता है क्योंकि रेफरेन्स व स्वयं प्रार्थी के अनुसार विपक्षी "सुपरिन्टेन्डेन्ट पोस्ट आफिस सिरोही" नियोजक है। इस तरह यह मान्य व प्रमाणित स्थिति प्रतीत होती है कि पोस्ट ऑफिस नियोजक है। अतः नियोजक कौन है, यह निर्धारित करने के लिए इस मामले में कोई विवादित तथ्य ही विचारणीय नहीं रह जाता। अन्त में प्रार्थी की ओर से अधिनियम की धारा 2(एन) की तरफ न्यायालय का ध्यान आकर्षित किया गया तथा बताया गया कि धारा 2(एन)(3) में पोस्टल, टेलीग्राफ और टेलीफोन सर्विस को शामिल किया गया है। अतः इन विभागों व कार्यों को उद्योग माना जाना चाहिये। न्यायालय की राय में यह तर्क भी मानने योग्य नहीं है क्योंकि धारा 2(एन) में "पब्लिक युटीलिटी सर्विस" की परिभाषा दी गई है। अधिनियम में पब्लिक युटिलिटी सर्विस में हड़ताल इत्यादि के लिए कुछ अलग से प्रावधान है, जिसके उद्देश्य से यह परिभाषा दी गई प्रतीत होती है तथा पब्लिक युटिलिटी सर्विस में पोस्टल सर्विसेज इत्यादि को शामिल किये जाने से अधिनियम के अन्तर्गत उद्योग की परिभाषा पर किसी तरह का कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

इस तरह यह प्रमाणित है कि सम्माननीय उच्चतम न्यायालय की व्यवस्था ए०आई०आर० 1996 एस०सी० 1217 के अन्तर्गत पोस्टल एण्ड टेलीग्राफ उद्योग की श्रेणी में नहीं है अतः विपक्षी नियोजक का यह आवेदन स्वीकार किये जाने योग्य है। चूंकि विपक्षी नियोजक सुपरिन्टेन्डेन्ट पोस्ट आफिस उद्योग नहीं है अतः यह रेफरेन्स चलने योग्य भी नहीं रह जाता।

सम्माननीय उच्चतम न्यायालय की उपरोक्त व्यवस्था में नियमों का उल्लेख करते हुए यह बताया गया है कि नियम-6 के अनुसार श्रमिक ऐसे मामलों में एक माह के नोटिस का अधिकारी हो सकता है। अतः इस मामले में भी प्रार्थी एक माह के वेतन व उस पर नियमानुसार देय महंगाई भते की राशि प्राप्त करने का अधिकारी है। तदनुसार यह रेफरेन्स निर्णित किये जाने योग्य है। प्रार्थी श्रमिक एक माह का वेतन व उस पर देय महंगाई भता (जिस दर से अन्तिम बार दिया गया) प्राप्त करने का अधिकारी है।

अधिनिर्णय

अतः यह अधिनिर्णित किया जाता है कि पोस्टल डिपार्टमेन्ट उद्योग की श्रेणी में नहीं है, प्रार्थी एक माह का वेतन व महंगाई भता प्राप्त करने का अधिकारी है, जो विपक्षी नियोजक द्वारा प्रार्थी को अदा किया जावे, अतः औद्योगिक विवाद अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत तथा इस न्यायालय से प्रार्थी कोई अन्य अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है। पक्षकार व्यय अपना-अपना वहन करेंगे। इस अधिनिर्णय को प्रकाशनार्थ श्रम मंत्रालय भारत-सरकार को प्रेषित किया जावे।

यह अधिनिर्णय आज दिनांक 13-11-1997 को खुले न्यायालय में हस्ताक्षर कर सुनाया गया।

चांदमल तोलानी, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 6 जनवरी, 1998

का०आ० 251:—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार में एच०पी०सी०एल० के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबन्ध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण जोधपुर के पंचाट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 5-1-98 को प्राप्त हुआ था।

[सं० एल-30012/72/96-आई०आर० (सी०I)]
के०वी०बी० उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 6th January, 1998

S.O. 251.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Dispute Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Jodhpur as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of M/s. H.P.C. Ltd. and their workman, which was received by the Central Government on 5-1-98.

[No. L-30012/72/96-IR(C-I)]
K. V. B. UNNY, Desk Officer

अनुबंध

औद्योगिक विवाद अधिकरण एवं श्रम न्यायालय
जोधपुर

पीठासीन अधिकारी :—श्री चांदमल तोलानी, आर०एच० जे०एस०
औद्योगिक विवाद (केन्द्रीय) संख्या :—2/1997

श्री मुरली थवानी पुत्र श्री गुरबोमल मार्फत श्री मोहन खानी, मकान सं० 4-3-1, तीसरी पुलिया चौपासानी हाऊसिंग बोर्ड, जोधपुर।

—प्रार्थी

बनाम

महाप्रबन्धक (उत्तरी क्षेत्र) एच. पी. सी. एल. जीवन भारती 11 वां तल टावर—1 कनाट सर्कस नई दिल्ली—110001

अप्रार्थी

उपस्थिति :—

(1) प्रार्थी की तरफ से श्री विजय मेहता प्रतिनिधि

(2) अप्रार्थी की तरफ से श्री एम. एस. सिंघवी प्रतिनिधि

अधिनिर्णय

दिनांक 18-10-1997

श्रम मंत्रालय भारत सरकार की अधिसूचना संख्या एल.-30012/72/96-प्रार (सी-1) के द्वारा श्रमिक प्रार्थी व विपक्षी नियोजक के मध्य निम्नांकित औद्योगिक विवाद अधिनिर्णय हेतु इस न्यायालय को प्रेषित किया है :—

"Whether the action of the management of Hindustan Petroleum Corp. Ltd. in terminating the services of Shri Murli Thawani by order dated 31-8-1995 is legal and justified ? If not, to what relief is the concerned workman entitled ?"

2. प्रार्थी ने अपनी मांग सूची में बताया है कि उसे 7-10-1993 को एक आरोप-पत्र देकर विपक्षी ने उस पर आक्षेप लगाया है कि वह आदतन अनुपस्थित रहने का आदी है तथा उसने आदेशों की अवहेलना की है तथा वह निगम कानूनों का उल्लंघन करने का आदी है। प्रार्थी ने आरोपों का खण्डन करते हुए संतोषजनक उत्तर दिया इसके बावजूद भी उसके विरुद्ध जांच हुई जो जांच प्रार्थी पर लागू होने वाले सेवा नियम तथा न्याय के प्राकृतिक सिद्धांतों के विरुद्ध की गई। मांग सूची में बताया गया कि आरोप-पत्र विवरण रहित तथा त्रुटिपूर्ण था तथा प्रार्थी को उसके विरुद्ध उपयोग में लाने वाले दस्तावेजात न तो बताये गये न उनकी प्रतिलिपियां दी गई तथा जांच में ऐसे दस्तावेजात प्रस्तुत नहीं किये गये। इसके बावजूद जांच प्रतिवेदन में 17 दस्तावेजों का उल्लेख कर उन पर विचार किया गया तथा उन दस्तावेजों को जांच प्रतिवेदन का आधार भी बनाया गया। मांग सूची में बताया गया है कि यह आवश्यक था कि गवाहात को प्रस्तुत कर इन दस्तावेजात को सिद्ध कराया जाता, मांग सूची में बताया है। कि प्रार्थी को बचाव सहायक नियुक्त करने के अधिकार से वंचित रखा गया, दबाव डालकर तथा झूठे आश्वासन देकर आरोप स्वीकृति के हस्ताक्षर भी प्रार्थी से करवाये गये। जांच में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं हुई, प्रार्थी की कथित सहमति बेबसर है तथा जांच एक नाटक मात्र थी जिसमें जांच अधिकारी व अनुशासनिक अधिकारी ने प्रोसिक्यूटर तथा जज तथा का कार्य किया। मांग पत्र में बताया गया कि आरोप पत्र जारी करने के पश्चात् भी दिसम्बर, 1994 की अनुपस्थिति को भी दुराचरण माना गया तथा इस तरह की त्रुटिपूर्ण जांच के उपरान्त भी प्रार्थी को 26-8-95 को सेवा से पृथक करने का आदेश पारित कर दिया गया जिसकी सूचना प्रार्थी को 31-8-95 को मिली। मांग सूची में बताया गया है कि उपरोक्त कारणों से जांच व जारी किये गये आदेश विधि विरुद्ध होकर निष्प्रभावी हैं। मांग सूची में यह भी बताया गया है कि प्रार्थी की अपील भी गैर कानूनी तरीके से निरस्त कर दी गई। अन्त में बताया गया है कि प्रार्थी स्थाई कर्मचारी था जिसने आठ वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली थी अतः यह दंड अत्यधिक है। प्रार्थी ने सेवा में निरन्तर मानने तथा उपरोक्त समय के वेतन व देय भत्ते दिलाये जाने व सेवा में पुनर्स्थापित किये जाने की मांग की है तथा बकाया राशि पर 18 प्रतिशत ब्याज व खर्चा कार्यवाही की मांग भी की है।

3. विपक्षी नियोजक ने अपने उत्तर में बताया है कि प्रार्थी को आरोप पत्र दिया गया जिसका उत्तर सन्तोषजनक नहीं होने से उसके खिलाफ विभागीय जांच हुई तथा प्रार्थी ने 12-1-1995 की विभागीय जांच में अपने विरुद्ध लगाये गये आरोपों को स्वीकार किया अतः यह नहीं कहा जा सकता कि की गई जांच न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। उत्तर में बताया गया है कि प्रार्थी द्वारा उसे दस्तावेजात नहीं दिया जाना गलत बताया गया है तथा यह भी गलत है कि आरोप-पत्र विवरण रहित हो एवं प्रार्थी ने किसी तरह के दस्तावेजात की मांग भी नहीं की। उत्तर में यह भी बताया गया है कि प्रार्थी ने आरोप स्वीकार करते हुए माफी मांगी तथा किसी भी दस्तावेज को सिद्ध करने की आवश्यकता तभी होती है जब कि इन्कार किया जावे तथा इस मामले में प्रार्थी ने आरोपों को स्वीकार करके गलती मान ली थी उत्तर में इससे भी इन्कार किया गया है कि प्रार्थी पर कोई दबाव डाला गया या कोई झूठे आश्वासन दिये गये। उत्तर के अनुसार जांच में साक्ष्य की आवश्यकता ही नहीं थी क्योंकि प्रार्थी ने आरोपों को स्वीकार कर लिया था उत्तर में यह भी बताया गया है कि आरोप पत्र देने के बावजूद भी कार्य पर उपस्थित नहीं हुआ अतः प्रार्थी की दिसम्बर 1994 तक की अनुपस्थिति को दुराचरण मानने में कोई गलती नहीं की है। यह भी बताया गया है कि अनुशासनिक अधिकारी ने प्रार्थी को 18-5-95 को नोटिस भेजा जिसके साथ में जांच अधिकारी की रिपोर्ट की प्रतिलिपी भेजी गई जिसका उत्तर प्रार्थी ने 16-6-95 को प्रस्तुत किया जिसमें भी प्रार्थी ने जांच के संबंध में कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की बल्कि स्पष्टतौर से अपनी गलती स्वीकार की अतः अनुशासनिक अधिकारी ने प्रकरण के समस्त तथ्यों को देखते हुए यह माना व आदेश दिया कि प्रार्थी को सेवा में रखने का कोई औचित्य नहीं है अतः सेवा से पृथक करने का दंड दिया गया। उत्तर में बताया गया है कि प्रार्थी बिना पूर्व अनुमति के अनुपस्थित रहने का आदी हो चुका था अतः प्रार्थी के ऐसे कृत्यों से विपक्षी संस्थान में अनुशासनहीनता के वातावरण की संभावना थी अतः परिस्थितियों को देखते हुए दिया गया दंड अधिक भी नहीं कहा जा सकता तथा दंड में न्यायालय के हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं रह जाती। उत्तर के अनुसार प्रार्थी सेवा से हटाने के पश्चात् लाभ अर्जन कर रहा है तथा अपनी आजीविका भी कमा रहा है। व्यय सहित

मांग सूचि निरस्त किये जाने की प्रार्थना की गई । उत्तर में विकल्प में यह बताया गया है कि यदि वह न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि जांच नियमानुसार नहीं है तो आरोपों के संबंध में साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत करने की अनुमति दी जावे ।

4. जांच की वैधानिकता व दिये गये दण्ड पर तर्क सुने गये । प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन किया गया ।

5. विपक्षी जांच रिपोर्ट की प्रतिलिपि प्रस्तुत की है जिसके अनुसार कर्मचारी (प्रार्थी) ने 12-1-1995 को आरोपों को स्वीकार किया । प्रार्थी की अनुपस्थिति का विवरण इसमें लिखा गया है जिसके अनुसार जनवरी 1993 से दिसम्बर 1994 तक तीन महीनों को छोड़कर प्रत्येक माह में लगभग चार-पांच दिन अनुपस्थित रहा है तथा लगभग प्रत्येक माह प्रार्थी को ड्यूटी पर उपस्थित होने के लिए टेलीग्राम भेजे गये, दिनांक 16-6-95 का दिनांकित एक पत्र की प्रतिलिपि प्रस्तुत हुई है जिस पत्र में प्रार्थी ने यह स्वीकार किया है कि उससे गलती हो गई, वह माफी चाहता है । इस पत्र में करीब पांच-छः स्थान पर गलती होना स्वीकार किया गया है । इससे यह प्रकट होता है कि जांच पूरी होने के बाद प्रार्थी ने अपनी गलती स्वीकार की । प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत डिसीप्लीनरी ओथोरिटी के आदेश के अनुसार सेवामुक्ति का आदेश 6-8-95 को जारी हुआ अतः यह प्रमाणित है कि प्रार्थी के 6-6-95 के उत्तर पर भी विपक्षी के यहां विस्तार से विचार किया गया जिसकी प्रतिलिपि भी स्वयं प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत की गई है : अतः यह नहीं कहा जा सकता कि प्रार्थी को स्वयं आरोप स्वीकार करने के लिए या अपनी गलती मानने के लिए किसी ने कोई दबाव डाला था । अतः विभागीय जांच पूरी तरह से विधिनुसार व प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुसार होना प्रमाणित है ।

6. प्रार्थी की सेवामुक्ति की गई तथा आवेदन में बताया गया है कि दिया गया दण्ड अत्यधिक है । विद्वान अभिभाषक प्रार्थी ने तर्क दिया है कि प्रार्थी की आठ वर्ष की सेवा पूर्ण हो चुकी थी तथा प्रार्थी पर मुख्य तौर से आरोप ड्यूटी से अनुपस्थित रहने का आदी होने का है । अतः सेवामुक्ति का दण्ड अत्यधिक है एवं वेतन वृद्धियां रोका जाना ही पर्याप्त हो सकता है प्रार्थी की ओर से इस संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय की व्यवस्था 1986 (सुप्रीम कोर्ट) सुप्रीम कोर्ट केसेज 668 एलक्जेन्डरपालसिंह बनाम डिवीजनल सुपरिनटेन्डेन्ट व अन्य प्रस्तुत की गई है जिसका आदरपूर्वक अवलोकन किया गया । इस आधार पर प्रार्थी की ओर से बताया गया कि कुछ वेतन वृद्धियां रोका जाना पर्याप्त है । विद्वान अभिभाषक विपक्षी की ओर बताया गया कि प्रार्थी लगभग प्रत्येक माह में कुछ दिन अनुपस्थित होता रहा था, उसे लगभग प्रत्येक माह उपस्थित आने के लिए सूचना भेजनी पड़ती थी अतः प्रार्थी न केवल अनुपस्थिति का आदी था बल्कि अत्यन्त ही आदी हो चुका था तथा स्वयं प्रार्थी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन के कार्य की प्रकृति को देखते हुए इस तरह यदि कर्मचारी बिना सूचना के अचानक तथा वह भी आदतन अनुपस्थित रहे तो सारा कार्य अस्त-व्यस्त हो सकता है जिसके दूरगामी परिणाम हो सकते है । अतः इस तरह के मामले में वह भी जहां लगातार दो वर्ष तक ऐसा चलता रहा, प्रार्थी को सेवामुक्ति से कम दण्ड दिया जाना अनुचित नहीं कहा जा सकता ।

7. न्यायालय द्वारा तमाम तर्कों व परिस्थितियों पर विचार किया गया । प्रार्थी की आठ वर्ष की सेवा पूर्ण हो चुकी है, इसकी सम्भावना इन्कार नहीं किया जा सकता कि वह अन्य नियमित सेवा के लिए निर्धारित आयु सीमापार कर चुका हो । आरोप चरित्र मारपीट, तोड़-फोड जैसे प्रकृति के नहीं है अतः न्यायालय की राय में प्रार्थी की वेतन वृद्धियां रोके जाने के बजाए उसे जिस वेतन श्रृंखला में वह था, उस वेतन श्रृंखला के न्यूनतम वेतन पर सेवा में पुर्नस्थापित किया जाना चाहिये साथ ही यह निर्देश भी दिया जाना चाहिये कि प्रार्थी को उक्त सेवामुक्ति की तिथि से उसके ड्यूटी जॉईन करने तक की अवधि का किसी तरह का कोई वेतन व भत्ते देय नहीं होंगें, उसकी सेवा में कोई अवरोध नहीं माना जायेगा परन्तु उसकी सेवामुक्ति से आज तक की तिथि का समय उसकी वरिष्ठता के लिए नहीं गिना जायेगा । अनुपस्थिति की तमाम अवधि का नियम विपक्षी नियमानुसार बिना वेतन के मानते हुए या विशेष अवकाश के मानते हुए या इसी के अनुरूप नियमानुसार करे । तदनुसार यह प्रकरण अधिनिर्णित किया जाना चाहिये

अधिनिर्णय

8. श्रम मंत्रालय भारत सरकार की अधिसूचना संख्या एल . 320012/72/96—1आर . (सी . 1) से इस न्यायालय को अधिनिर्णय हेतु प्रेषित विवाद का अधिनिर्णय इस प्रकार किया जाता है कि प्रार्थी का विपक्षी के 31-8-95 के आदेश से विभागीय जांच में दोषी पाया जाना विधिनुसार है । यह भी अधिनिर्णित किया जाता है कि प्रार्थी को सेवामुक्ति का दण्ड दिया जाना अत्यधिक है, सेवामुक्ति का दण्ड समाप्त कर आदेश दिया जाता है कि प्रार्थी को जिस पद पर वह था, उस पद पर पुर्नस्थापित किया जावे परन्तु (1) प्रार्थी को उसके पद की वेतन वेतन श्रृंखला में जो न्यूनतम वेतन है, उस न्यूनतम वेतन पर पुर्नस्थापित किया जावे (इस अधिनिर्णय के पहले की सेवा का कोई बकाया वेतन देय नहीं है न होगा (2) प्रार्थी के अनुपस्थिति की अवधि व सेवामुक्ति के बाद उसे पुनः ड्यूटी में लेने तक का समय विपक्षी नियमानुसार अवैतनिक अवकाश विशेष अवकाश या इसी के अनुरूप नियमन करे (3) प्रार्थी की सेवा में कोई अवरोध नहीं होगा परन्तु 31-8-95 से आज तक की अवधि प्रार्थी की वरिष्ठता निर्धारण में नहीं गिनी जायेगीं' (इस अधिनिर्णय की प्रति श्रम-मंत्रालय भारत सरकार को प्रकाशनार्थ प्रेषित की जावे ।

9. यह अधिनिर्णय आज दिनांक 18-10-1997 को खुले न्यायालय में हस्ताक्षर कर सुनाया गया।

चांदमल तोतला, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 6 जनवरी, 1998

का.आ. 252.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार मै० सागर सर्विसेज के प्रबंधतंत्र के संबंद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, (सं. -2), मुम्बई के पंचाट को प्रकाशित करती है जो केन्द्रीय सरकार को 2-1-98 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-20040-81-94-आई आर (सी-I)]

के. वी. बी. उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 6th January, 1998

S.O. 252.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Dispute Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Central Govt. Industrial Tribunal, (No.-2), Mumbai as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of M/s. Sagar Services and their workman, which was received by the Central Government on 2-1-98.

[No. L-20040/81/94-IR(C-I)]

K. V. B. UNNY, Desk Officer

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL NO. II MUMBAI

PRESENT :

Shri S. B. Panse, Presiding Officer

Reference No. CGIT-2/31 of 1995

Employers in relation to the management of M/s. Sagar Services.

AND

Their Workmen

APPEARANCES :

For the Employer No. 1—Mr. Haresh Motwani, Advocate.

For the Employer No. 2—Mr. G. D. Talreja, Advocate.

For the Workmen—Mr. S. R. Wagh, Advocate.

Mumbai, dated 4th December, 1997

AWARD

The Government of India, Ministry of Labour by its Order No. L-20040/81/94-IR (Coal-I), dtd 30-11-95, had referred to the following Industrial Dispute for adjudication :

"Whether the action of the management of M/s. Sagar Services, Contrator of ONGC Ltd., in not accepting the charter of demands served by the Union is justified or not ? What reliefs should be granted ?"

2. The Transport and Dock workers' union Mumbai filed a Statement of Claim (Exhibit-4) on behalf of the workman. It is pleaded that the Oil and Natural Gas Commission Ltd (ONGC Ltd.) conducts his business of exploring and extracting oil from sea bed in the vicinity of Mumbai, Raigad, Thane Districts and other places. It employs several contratcors to perform different types of work while conducting its business. M/s. Sagar Services is one of such contractors. It has to fulfil its contractual obligations and employ workmen. The contact is for 'messenger services'.

3. The contractor registered under the provisions of the Contract Labour (Regulation and Abolition) Act, 1970 and the ONGC Ltd. is registered as a 'principal employer' under the same Act. It is asserted that the service conditions of the workman employed by the contractor are very poor. He pays very low wages and other service conditions are denied to the workman. It is asserted that the workmen are deprived of the benefits which they are entitled to under different laws.

4. The Union therefore to improve the service conditions of the workmen served Charter of demands on the contractor and ONGC Ltd, to which none of them paid any attention. It is therefore the union by this letter dated 13-7-93 addressed to the Assistant Labour Commissioner, Mumbai requested for admitting the Charter of demands in concillation. But the matter could not be settled.

5. The union asserted that the specific demands as per the Charter of demands dtd. 13-7-93 relate to (1) Wages (2) Leave (3) Provident Fund (4) General-Monsoon, safety gears, uniform, working hours overtime, injury compensation, identity card and bonus.

6. The union averred that the ONGC entered into two Memorandum of Understandings with the union in conciliation proceeding before the Regional Labour Commissioner on 15-1-93 and on 12-7-95 by which the wages of all the contract workers were revised and regularised. That Memorandum of Understanding is binding on existing contractors and new contractors. It is averred that accordingly the contractor revised the wages. Thus the demand of wage revision was met with, but other service conditions as demanded by the union were not met with. The Union averred that the other benefits which they have claimed are justified and other employees working in similar situation are getting the same. It is therefore pleaded that their demands are just and proper and they are entitled to receive them with retrospective effect.

7. The ONGC filed a written statement at Exhibit-7. It is pleaded that it is not an employer of the workman on whose behalf the appropriate Charter of demands dated 13-7-93 has been raised by the union within the meaning of section 2(G) of the Industrial Disputes Act of 1947. It is averred that it was never served on them before sending it to the Assistant Labour Commissioner. It is submitted that the Industrial Disputes Act does not recognised Tripartite Relationship of the principal employer, the contractor and the workman engaged by the contractor. It is therefore, the reference is not maintainable against the ONGC. The Tribunal had no jurisdction to try the said reference against the ONGC. It is averred that ONGC is not necessary party nor a formal party to the said reference.

8. It is averred that ONGC is a public Limited Company Registered under the Companies Act of 1956 w.e.f. 1-2-94 engaged in the business of developing the Hydro Carbons in an environmental harmonlous manner and maximise the contribution to the economy of the country Sagar service agency was an independent contractor with its own work force under their control, supervision and discipline. The contractor was required to comply with all labour laws and the ONGC was not responsible and liable for any violation of the Labour laws alleged to have been made by the Contractor. It is submitted that it's contract was extended from time to time. The ONGC pleaded that as per the information received the contractor paid wages to their workmen which were not less than the Minimum rate of Wages fixed by State Government or the Central Government under the provisions of the Minimum Wages Act. It is pleaded that by Memorandum of Understanding dated 15-1-92 and 12-7-95 the wages of the Contract workmen were revised. As per that Memorandum of Undestanding the contractor has been made liable to pay wages and other benefits to their workmen as provided there in and not the ONGC. It is submitted that no relief can be granted against ONGC in this reference.

9. Sagar services filed a written statement at Exhibit-18. It is averred that no Charter of demand was served to the Contractor before raising an Industrial Dispute. Therefore the reference is not maintainable. It is pleaded that

the union does not possess the representative character and status to raise the demands on behalf of the workman employed by the contractor. It is pleaded that the contract which was given to the contractor will expire on 30-4-97. It is submitted that the contractor who is a job contractor for providing messenger service within Greater Bombay, Panvel, Navasheva and Uran for dak distribution is struggling to survive in the highly competitive market having no financial capacity to bear the additional burden by granting revision in wages and other services of the Government. It is not expected to bear extra financial burden. It is submitted that by the contract Sagar services gets Rs. 20,000 per month from the principal employer and it has distributed Rs. 18,700 to the workman. It has to pay the taxes and other incidental charges and he can only get Rs. 733 per month. It is submitted that the Industrial Disputes Act does not recognise Tripartite relationship. It is therefore the reference is not maintainable. It is asserted that the contractor is not party the Memorandum of Understanding dated 15-1-92 and 15-7-95 which were alleged to be signed before the Regional Labour Commissioner, Mumbai. It is therefore the Contractor is not liable to extend the wages and service conditions as provided to the MOU.

10. The contractor asserted that the service conditions to the workman engaged by him are fairly good and reasonable. It is averred that the provisions of the employees Provident Fund and Miscellaneous Provisions Act of 1952 are not applicable so also the employees State Insurance Act of 1948. It is averred that the work allotted to the contractor is permissible under the provisions of the Contract Labour (Regulation and Abolitions Act of 1978).

11. The contractor asserted that the workmen are granted all public and bank holidays as paid holidays. They are also given two weeks off. Their working hours are from 10.00 a.m. to 5.00 p.m. They are given advance against wages and other loans looking to the exigencies of the situation. They are provided with one bag for delivery of dak. They enjoy 21 days of leave benefit and are also paid bonus. They are given monsoon protective gear. It is averred that there is no deduction from the salary of the workman if they remained absent due to the sickness and other exigencies when he does not report for work. For all these reasons its is submitted that the reference may be answered accordingly.

12. The union filed a rejoinder at Exhibit-10. It reiterated the contentions taken in the statement of claim and denied the contentions taken in the written statement.

13. The issues that fall for my consideration and my findings thereon are as follows :—

	Issues	Findings
1.	Whether the reference is maintainable ?	Yes.
2.	Whether the action of the management of M/s Sagar services, contractor of ONGC Ltd. in not accepting the charter of demand served by the union is justified or not ?	Not justified.
3.	What relief should be granted ?	As per order.

REASONS

14. M/s. Sagar service agency is the employer of the workmen and a contractor of ONGC the principal employer in relation to the workman concerned. Sagar services controls the work and discipline them It is not in dispute that the Memorandum of Understanding arrived at between ONGC's and different unions are required to be followed by the contractors and pay wages and extend benefits as provided there in. There is no category of a messenger in the employment of ONGC.

15. It is tried to argue on behalf of the contractor and ONGC that no Charter of demand was ever served on them by the workman before he approached the Assistant Labour Commissioner. Hence the reference is not maintainable. Nowhere there is no record to that effect nor the workman Ashupati Babu (Exhibit-11), affirmed to that effect. But, they had raised the dispute before the Assistant Labour Commissioner to put it for conciliation. The parties appeared before the Assistant Labour Commissioner. That itself goes to show that they were aware of the demand of the workman and as such it cannot be said that they were not informed regarding it.

16. In normal course when such demands are made the concerned persons are always informed. There was no reason for the union not informing the contractor and ONGC regarding their Charter of demand. It is contended that the demands were made to the contractor and ONGC but they did not pay any attention. Hence they approached the Assistant Labour Commissioner. Under such circumstances I and its copies were send to the contractor and ONGC. The parties appeared before the Assistant Labour Commissioner. Under such circumstances I do not find any reason to disbeleive the union that they did approach, the contractor and ONGC the principal employer with their charter of demands. It is common knowledge that when a matter can be settled outside the court nowadays it is the tendency to get it done then and there only to avoid expenditure and the time in the court proceedings. It is tried to argue on behalf of the ONGC and the cantractor that as the demand was not served on them the reference is not maintainable. For the reasons stated above I do not find any merit in it.

17. The Charter of demand is for different demands. They are innumerated in paragraph-7 of the Statement of Claim. Ashupathi Babu refers to the wages. He affairmed that he is paid Rs. 1600/- per month as the salary and stated that they are not paid as per the Memorandum of Understanding signed between the Transport and Dock workers Union and the Principal employer M/s. ONGC. Infact in the Statement of Claim in paragraph-8 it is categorically mentioned that in a conciliation proceeding before the Regional Labour Commissioner Mumbai dated 15-1-93 and12-7-95 by which the wages of Contract workers were revised and regularised. It is further mentioned that the demand of wage revision was made wtth it other service conditions is demanded by the union were not made with. In other there is no dispute in existence so far as wages are concerned. They are governed by Memorandum of Understandings. It lan be seen that the Charter of demand was dated 1-7-93 on which date Memorandum of Understanding dated 15-1-92 Exhibit-9|1) was in existence and not the later Memorandum of Understanding dated 12-7-95 After persual of the Memorandum of Understanding dated 15-1-92 it is very clear that the employees are entitled to the wages as stated there in. It is common knowledge then a contract is given to the contractor the MOU's are the part and parcels of the terms and conditions. I therefore find that the workmen are entitled to wages as mentioned in the Memorandum of Understanding.

18. It is tried to argue on behalf of the contractor that his initial position has to be seen when the wages are to be fixed. I am not finding the wages at all. The fixation of wages is carried out in Memorandum of Understanding for which the unions and the ONGC are the parties and the contractor when accepting the cantract accepts the terms and conditions of the Memorandum of Understanding. It is therefore not necessary for the Tribunal to look into the financial conditions of the contractor which is argued if he is not financially sound he should not

accept the contract on that basis. I therefore need no consider that portion of the argument and the evidence lead to that effect.

19. So far as the other claim of the union in respect of leave, Provident Fund and generally they are not covered under the Contract Labour (Regulation and Abolition Act) 1970. The Memorandum of Understanding provides for retention of those benefits which the employees are already enjoying. Here the testimony of Ashupathi (Exhibit-11) is relevant. He accepts the position that in ONGC there is no category of a messenger. There are no employees in ONGC doing the same type of work which carried out by these employees. In other words the service conditions of these workmen cannot be compared with the service conditions of other employees of ONGC. He will be entitled to get the benefits as per the terms and agreements with the contractor. It can be further seen that for comparing purpose there is nothing on the record to show that the contractor is not giving them the normal benefits which should be given. Ashupathi accepts that he attends the duty at 10.00 a.m. and distributes the mail in the office timings only. He works on the days when ONGC works. He gets holidays which are taken by the ONGC employees. He gets the holidays in Diwali and bank holidays like that of ONGC's. His salary is not deducted when he is absent due to sickness. He is paid travelling allowances which is flexible.

20. Anil Naik on the other hand affirms that these employees are given thirty days Earned Leave and he had no objection to grant them thirty days leave. He gives bags to them for carrying the mail. They are given once or twice in a year.

21 The demand for Provident Fund cannot be accepted because it is under the statute. Ashupathi affirmed regarding the claim of uniform and raincoat, cap and a pair of gumboots. He accepts that one umbrella is provided to them. Looking to the nature of work I do not think that the demand for uniform is justifiable. As umbrella is provided the demand for raincoat. can. gumboot does not appear to be proper. So far as the overtime is concerned it is again under the statute which cannot be granted separately by the Tribunal.

22. It is argued on behalf of the ONGC that the demand which is made [illegible] against the contractor and having nothing to do with it. No award can be passed against them. I am fully in agreement with it. They appear to be a formal party The relief given in the Contract Labour (Regulation and Abolition) Act. 1970 can be made applicable with the principal employer when the contractor fails to make payment of wages In that case the registered employer namely the ONGC comes to the picture. For all these reasons I record my findings on the issues accordingly and pass the following order :

ORDER

The action of the management of M/s. Sagar Services Contractor of ONGC Ltd. in not accepting the charter of demand served by the union is not justified.

The workmen of the contractors are entitled to wages as per the Memorandum of Understanding signed between union and ONGC. The employees are entitled to thirty days Earned Leave as agreed by the contractor The employees are not entitled to any other benefits except which they are already enjoying.

S. B. PANSE, Presiding Officer

नई दिल्ली, 6 जनवरी, 1998

का.आ. 253—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार ने इंडियन एयरलाइंस के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण, मद्रास के पंचाट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 2-1-98 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-20030/18/95-आई आर (सी-I)]
के. वी. बी. उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 6th January, 1998

S.O. 253.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Dispute Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Madras as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of M/s. Indian Airlines and their workman, which was received by the Central Government on 2-1-1998.

[No. L-20030/18/95-IR (C-I)]
K. V. B. UNNY, Desk Officer.

ANNEXURE

BEFORE THE INDUSTRIAL TRIBUNAL, TAMIL NADU, MADRAS.

Thursday, the 18th day of December, 1997

PRESENT :

THIRU S. ASHOK KUMAR, M.Sc., B.L., INDUSTRIAL TRIBUNAL.

INDUSTRIAL DISPUTE NO. 105 OF 1996

(In the matter of the dispute for adjudication under Section 10(1)(d) of the I. D. Act, 1947 between the Workman and the Management of Indian Airlines Limited, Madras).

BETWEEN :

Shri M. V. Ananthasubramanian, 67, Lakshmi Nagar, 4th Stage, Nanganallur, Madras—600 001.

AND

The Regional Director, Indian Airlines, Southern Region, Madras—600 027.

REFERENCE :

Order No. L-20030/18/95-IR (Coal-I), Ministry of Labour, dated 28-11-1996, Govt. of India, New Delhi.

This dispute coming on for final hearing on this day, in the presence of M/s. N. G. R. Prasad and K. Indira, Advocates appearing for the respondent, upon perusing the reference and other papers on record, claim statement not being filed, this Tribunal passed the following :

AWARD

"Whether the action of the management of Indian Airlanes, Madras in dismissing Shri M. V. Ananthasubramanian, from service w.e.f. 20-8-1992 is fair and justified ? If not, to what relief is the workman entitled ?"

Claim statement not filed. Dismissed for default.

Dated, this the 18th day of December, 1997.

S. ASHOK KUMAR, Industrial Tribunal.

नई दिल्ली, 6 जनवरी, 1998

का०आ०—254—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार मै० बी० सी० सी० एल० के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केंन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण (सं०-2), धनबाद के पंचाट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 5-1-98 को प्राप्त हुआ था ।

[सं. एल-20012/42/294-आई आर (सी-I)]

के० वी०बी० उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 6th January, 1998

S.O. 254.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Dispute Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award of the Central Government Industrial Tribunal, (No. 2), Dhanbad as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of M|s. B.C.C.L. and their workman, which was received by the Central Government on 5-1-1998.

[No. L-20012/422/94-IR (C-I)]

K. V. B. UNNY, Desk Officer

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL (NO. 2) AT DHANBAD

PRESENT :

Shri B. B. Chatterjee, Presiding Officer.

In the matter of an Industrial Dispute under Section 10(1)(d) of the I. D. Act, 1947.

REFERENCE NO. 148 OF 1995.

PARTIES :

Employers in relation to the management of Sudamdih Area of M/s. B.C.C.L. and their workmen.

APPEARANCES :

On behalf of the Workmen : None.

On behalf of the Employers : Shri B. Joshi, Advocate.

STATE : Bihar. INDUSTRY : Coal.

Dated, Dhanbad, the 29th December, 1997.

AWARD

The Government of India, Ministry of Labour, in exercise of the powers conferred on them under Section 10(1)(d) of the I. D. Act, 1947 has referred the following dispute to this Tribunal for adjudication vide their Order No. L-20012/422/94-I. R. (Coal-I), dated, the 18th October, 1995.

SCHEDULE

"Whether the action of the management of Sudamdih Incline of M/s. B.C.C.L. in dismissing the services of Shri Haradhan Rai, Haulage Operator is justified ? If not, to what relief the concerned workman is entitled ?"

2. Soon after the receipt of the order of reference notices were duly served upon the parties. None of the parties turned up nor took any steps. Subsequently, when the case was fixed the learned Advocate Shri B. Joshi appeared for the management and filed a memorandum of settlement under the signature of both the parties. I have gone through the terms of settlement and find that the terms contained therein are fair and proper and beneficial to both the parties. Accordingly, I accept the said settlement and pass an Award in terms thereof which forms part of the Award as Annexure.

B. B. CHATTERJEE, Presiding Officer

ANNEXURE

FORM—H

SETTLEMENT ARRIVED AT BETWEEN THE MANAGEMENT OF SUDAMDIH AREA BCCL AND THE REPRESENTATIVE OF RCMS AND THE WORKMAN SHRI HARADHAN ROY EX-HAULAGE OPERATOR OF SUDAMDIH INCLINE MINE, BCCL.

BRIEF HISTORY :

The services of Shri Harudhan Roy, Ex-Haulage Operator of Sudamdih Incline Mine was terminated on 8-2-1991 on account of asenteeism|habitual absenteeism on the proved charges against him. The Union (RCMS)|workman (Haradhan Roy) had been appealing time and again for his re-instatement on various grounds and ultimately the matter was referred to the Director (Personnel), BCCL and on compassionate ground his re-instatement has been ordered vide letter No. BCCL|PER|IR|96|1024 dated 7|8-2-1996 from the General Manager (P & IR), BCCL, Koyla Bhawan, Dhanbad. Accordingly the Settlement is arrived at on the under noted terms & conditions :—

TERMS OF SETTLEMENT :

(1) Shri Haradhan Roy, Ex-Haulage Operator of Sudamdih Incline Mine shall be re-instated on duty without any back wages in his existing capacity at sudamdih Incline Mine within 15 (firteen) days time from to-day or reporting on duty whichever is earlier.

(2) The concerned workman/Union will not raise any dispute about his back wages for the period of his idleness from his date of dismissal i.e. 8-2-1991 till his resumption on duty, at any juncture.

(3) The period of idleness shall be treated as DIES-NON and shall be counted for continuity of service and in case any leave/ sick was due to the employee, that will be permitted subject to application/sick report to that effect.

(4) This is full and final SETTLEMENT and copy of the same shall be sent to the asstt. Labour Commissioner (Central), Dhanbad for registration of the same as SETTLEMENT under the I. D. Act.

SIGNED ON BEHALF OF THE UNION/WORKMAN.

Sd|-

J. P. SINGH, Area Secy., CMS, Sudamdhi.

Sd|-

HARADHAN ROY, Ex-Haulage Operator, Sudamdih Incline Mine.

Sd|-

SIGNED ON BEHALF OF THE MANAGEMENT:

Sd|-

S. C. SONEJA, Dy. C.P.M. (SA) Sudamdih.

Sd|-

H. K. CHOUDHARY, Dy. Personnel Manager, Sudamdih Area.

WITNESS :

नई दिल्ली, 6 जनवरी, 1998

का०आ० 255:— औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1447 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार गैरीसन इंजीनियर (आर्मी), 865 ब्रांच 56 ए० पी० ओ० जैसलमेर के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण, जोधपुर के पंचाट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 6-1-98 को प्राप्त हुआ था।

[सं० एल-14012/1/94-आई०आ० (डीयू)]

के० वी० बी० उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 6th January, 1998

S.O. 255.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award of the Industrial Tribunal, Jodhpur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of G.E. (Army), 860 Branch 56 APO, Jaisalmer and their workman, which was received by the Central Government on the 6-1-1998.

[No. L-14012/1/94-IR(DU)]

K. V. B. UNNY, Desk Officer

अनुबन्ध

औद्योगिक विवाद अधिकरण एवं श्रम न्यायालय,

जोधपुर

पीठासीन अधिकारी :— श्री चांदमल तोतला, आर.एच.जे.एम.

औद्योगिक विवाद (केन्द्रीय) संख्या : 1/1994

श्री अब्दुल करीम पुत्र श्री अब्दुल रहमान, उम्मेद चौक, गोलनाडी मस्जिद के पीछे, किराना चौक, जोधपुर ।

——प्रार्थी श्रमिक

बनाम

गैरीसन इंजीनियर (आर्मी), 860 इंजीनियर वर्क्स, ब्रांच-56 ए.पी.ओ., जैसलमेर ।

——अप्रार्थी नियोजक

उपस्थिति :

(1) प्रार्थी की तरफ से श्री डी.के. परिहार अधिवक्ता उप.

(2) अप्रार्थी की तरफ से श्री बी.पी. बोहरा एडवोकेट उप.

अधिनिर्णय

दिनांक 18-10-1997

श्रम मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना संख्या एल. 14012/1/94 दिनांक 31-10-1994 से पक्षकारों के मध्य निम्नांकित औद्योगिक विवाद इस न्यायालय को अधिनिर्णयार्थ प्रेषित किया गया है :—

"Whether the action of G.E. (Army), 860 Branch 56APO Jaisalmer is terminating the service of Shri Abdul Karim on 2-1-93 is legal and justified ? If not, to what relief is the concerned worker and what date ?"

2. प्रार्थी श्रमिक ने अपने मांग-पत्र में बताया है कि उसकी नियुक्ति मजदूर के पद पर गेरीसन इंजीनियर (आर्मी), जोधपुर के द्वारा दिनांक 11-12-1980 को की गई जब से प्रार्थी गेरीसन इंजीनियर के अधीनस्थ वर्कशाप में मजदूर व हैल्पर का कार्य करता था तथा गेरीसन इंजीनियर औद्योगिक विवाद अधिनियम के अन्तर्गत उद्योग की परिभाषा में आता है । मांग-पत्र के अनुसार प्रार्थी को वर्ष 1988 में हेमरमैन के पद पर पदोन्नत किया गया तथा प्रार्थी से लोहार का कार्य करवाया गया तथा वर्ष 1990 में जैसलमेर स्थानान्तरित कर दिया गया जहां वह लगातार कार्य करता रहा है । मांग-पत्र में बताया गया है कि उसे प्रथम बार मजदूर के पद पर नियुक्ति दी गई जिस पद हेतु कोई भी शैक्षणिक योग्यता आवश्यक नहीं थी तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ्य व्यक्ति को नियुक्ति दी जाती है तथा उस समय वह 20 वर्ष का स्वस्थ होकर मजदूर के पद के योग्य था । मांग-पत्र के अनुसार वर्ष 1992 में प्रार्थी के विरुद्ध सिविल सर्विसेज (क्लासीफिकेशन, कन्ट्रोल व अपील) रूल्स 1965 के अन्तर्गत एक इन्क्वायरी शुरू की गई जिस पर प्रार्थी पर आरोप लगाया गया

कि उसने आठवीं कक्षा का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया है वह फर्जी एवं गलत है तथा प्रार्थी ने इसके विरुद्ध अपना जवाब प्रस्तुत कर अपना डिफेंस कोन्सलर नियुक्त करने को कहा, प्रार्थी ने अपना डिफेंस कोन्सलर श्री के०के० टण्डन एक्स० एस० एस० के० ऑफ सी० ओ० डी० आगरा को मनोनीत किया व उनका नाम डिफेंस कोन्सलर हेतु रेफर किया परन्तु प्रार्थी के इस डिफेंस कोन्सलर को नहीं माना गया, अप्रार्थी ने 29-10-92 के पत्र से प्रार्थी को बताया कि 2-12-1992 को जांच अधिकारी के समक्ष जवाब व बचाव प्रस्तुत करें। जिसके बाद प्रार्थी अपने घर जोधपुर किसी कारणवश आया तथा जोधपुर में 30-11-92 को अचानक बीमार हो गया तथा राजकीय डिस्पेंसरी, महिलाबाग, जोधपुर के चिकित्सक से ईलाज करवाया एवं 4-12-1992 तक बीमार रहा जिस संबंध में 30-12-1992 को प्रार्थी ने पंजीकृत डाक से जांच अधिकारी श्री एल. सी. मीणा को पत्र भेजा कि 2-12-1992 को उपस्थित होने में असमर्थ है अतः जांच कार्यवाही स्थगित की जावे, जिस पत्र के साथ बीमारी का प्रमाणपत्र भी भेजा गया परन्तु इसके बावजूद जांच अधिकारी ने जांच कार्यवाही स्थगित नहीं की तथा इकतरफा आदेश पारित किया गया जो कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के प्रतिकूल है। मांगपत्र में बताया गया है कि पारित किया गया इकतरफा आदेश प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के प्रतिकूल है क्योंकि प्रार्थी उचित कारण से उपस्थित होने में असमर्थ था। यह भी बताया गया है कि प्रार्थी पर जो आरोप लगाये गये हैं वे अत्यन्त गम्भीर प्रकृति के नहीं होते हुए भी जांच अधिकारी ने गंभीर मानकर कार्यवाही की है। प्रार्थी को मजदूर के पद पर लगाया गया। था अब मजदूर के पद के लिए कोई शैक्षणिक योग्यता मांगी नहीं गई, चाही नहीं गई तथा उस पद पर सामान्यतया अनपढ़ व्यक्तियों को ही जो कि शारीरिक दृष्टि से उस पद के लिए योग्य होते थे, को लगाया जाता था। मांग-पत्र में यह भी बताया गया कि यदि प्रार्थी ने जो स्थानान्तरण प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया है वह फर्जी था तो भी प्रार्थी इस पद के लिए अयोग्य नहीं हो जाता। प्रार्थी ने अपने अधिकारों को सुरक्षित रखते हुए यह प्रकट किया है कि उसे जो सजा दी गई है वह अत्यधिक है तथा इस कृत्य के लिए अधिक से अधिक एक या दो वेतन वृद्धियों को रोक लिया जाना पर्याप्त था। जब कि 9-2-1993 के आदेश से प्रार्थी की सेवा समाप्त कर दी है जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के विरुद्ध होकर शून्य है। मुख्यतौर से यह बताया गया है कि 2-12-1992 को असमायिक परिस्थितियां उत्पन्न हो जाने के कारण वह जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित नहीं हो पाया था तथा प्रार्थी द्वारा डिफेन्स कोन्सलर का नाम देने पर उसे डिफेन्स से वंचित रखा गया। अतः प्रार्थी की सेवा समाप्ति का आदेश अपास्त किया जावे तथा सेवा में पुर्नस्थापित कर तमाम वेतन लाभ दिलाये जाने की प्रार्थना की गई है।

3. विपक्षी गैरीसन इंजीनियर ने अपने उत्तर में स्वीकार किया है कि प्रार्थी को सन् 1980 में मजदूर के पद पर नियुक्त किया गया था। परन्तु बताया गया है कि पदोन्नति वर्ष 1988 में नहीं दी गई बल्कि 23-2-87 को दी गई थी। उत्तर में बताया गया है कि कमांडर वर्क्स इंजीनियर (आर्मी) के आदेश द्वारा प्रार्थी को 1990 में जैसलमेर में स्थानान्तरित कर उसे हैमर मैन के पद पर पोस्टिंग दी गई। उत्तर के अनुसार प्रार्थी के स्कूल प्रमाण-पत्र के अनुसार प्रार्थी की जन्म तिथि 5 जुलाई 1960 थी तथा वर्ष 1992 में प्रार्थी के विरुद्ध एक जांच शुरू की गई जिसमें आरोप लगाया गया है कि प्रस्तुत किया गया 8वीं कक्षा का शिक्षा प्रमाणपत्र फर्जी है। बताया गया है कि प्रार्थी को 20-6-92 के जरिए मैमोरेण्डम जारी कर 15 दिन के अन्दर डिफेन्स प्रस्तुत करने के लिए कहा गया, परन्तु 7-10-1992 तक प्रार्थी ने अपना बचाव प्रस्तुत नहीं किया, तो 8-10-92 का पत्र इन्क्वायरी के बारे में जारी किया गया तथा जांच कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित हुआ। उत्तर में यह भी बताया गया है कि प्रार्थी ने कोई डिफेन्स कोन्सलर नियुक्त नहीं किया तथा 29-10-92 को डिफेन्स कोन्सलर नियुक्त करने हेतु 30 दिन का समय चाहा तो समय दिये जाते हुए 2-12-1992 की तिथि जांच हेतु 29-10-92 को नियत की गई तथा यह बताया गया कि 2-12-1992 को उपस्थित हो जावे अन्यथा एक पक्षीय जांच कर ली जायेगी। परन्तु 2-12-1992 को न तो प्रार्थी उपस्थित आया न ही डिफेन्स कोन्सलर आया। अतः प्रार्थी के विरुद्ध एकपक्षीय जांच करने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं था। अतः एकपक्षीय जांच पूरी की गई। उत्तर में इससे इन्कार किया है। कि प्रार्थी ने श्री टण्डन को अपना डिफेन्स कोन्सलर नियुक्त किया. इस बारे में प्रार्थी द्वारा भेजा गया पत्र विपक्षी ने वापस भेज दिया। बताया गया है कि डिफेन्स कोन्सलर के लिए उचित अवसर दिया गया। प्रार्थी द्वारा 30-10-92 को जांच अधिकारी को पत्र व मैडीकल प्रमाण-पत्र भेजे जाने के सम्बन्ध में उत्तर में बताया गया है कि रजिस्टर्ड पत्र सं. 2577 दिनांक 1-12-92 विपक्षी को 14-12-92 को मिला जो 16-12-1992 को जांच अधिकारी को दे दिया गया तथा जांच अधिकारी का कार्यालय विपक्षी के कार्यालय से 65 किलोमीटर की दूरी पर है तथा जांच अधिकारी ने अपने 18-12-92 के पत्र में प्रार्थी के उपरोक्त पत्र के बारे में प्रार्थी को सूचित कर दिया। इस तरह 2-12-1992 को उपस्थित नहीं होने का कोई पत्र या प्रमाण-पत्र 2-12-1992 को प्राप्त नहीं हुआ। प्रार्थी पर लगाये गये आरोप की गम्भीरता के बारे में विपक्षी के अनुसार आरोप गंभीर प्रकृति का था तथा प्रार्थी को मजदूर के पद पर लगाये जाते एवं योग्यता प्रमाणपत्र विपक्षी ने नहीं मांगा था बल्कि आयु के बारे में प्रमाण-पत्र मांगा गया जिस बारे में प्रार्थी ने यह प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया था जो प्रमाण-पत्र फर्जी होने से गंभीर आपराधिक कृत्य था तथा यह आरोप प्रमाणित हुआ। अतः 9-2-1993 को सेवा समाप्ति का आदेश पूरी तरह से विधिनुसार है। उत्तर में यह भी बताया है कि प्रार्थी कभी भी बीमार नहीं रहा तथा यदि बीमार रहा तो भी डिफेन्स कोन्सलर आकर जांच अधिकारी के समक्ष प्रार्थी का पक्ष प्रस्तुत कर सकता था। विशेष व्यय सहित आवेदन अस्वीकार किये जाने की प्रार्थना की गई।

4. प्रार्थी ने अपने आवेदन के समर्थन में स्वयं का शपथ-पत्र प्रस्तुत किया है जिसमें आवेदन में वर्णित तथ्य बताते हुए यह बताया गया है कि 29-10-92 को 2-12-92 को जांच की तिथि नियुक्त होने के बाद जोधपुर आया तब 30-11-92 को अचानक बीमार हो गया अतः 30-11-92 को ही उसने श्री एल.सी. मीणा

इन्क्वायरी आफिसर को पंजीकृत डाक से पत्र भिजवा दिया। यह भी बताया गया है कि मजदूर के लिए कोई आवश्यक शैक्षणिक योग्यता नहीं थी तथा उसने जो आठवीं कक्षा का स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र दिया वह यदि फर्जी था तब भी वह इस पद के लिए अयोग्य नहीं हो जाता क्योंकि सामान्यतया स्वस्थ अनपढ़ व्यक्तियों को इस पद के लिए लिया जाता था। शपथ-पत्र में यह भी बताया है कि उसने अपने डिफेन्स कोन्सलर का नाम दे दिया था तथा डिफेन्स कोन्सलर ने भी डिफेन्स करने की सूचना दे दी थी। शपथ-पत्र में यह भी बताया गया है कि अप्रार्थी अर्थात् गेरीसन इंजीनियर का काम सड़कों व भवनों का निर्माण करना तथा उनमें लकड़ी बिजली का फिटिंग का कार्य . रवाना है।

5. विपक्षी की ओर से प्रभारी अधिकारी जे. पी. शर्मा का शपथ-पत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें उत्तर में बताये गये तथ्यों की पुष्टि करते हुए बताया गया है कि गैरीसन इंजीनियर औद्योगिक विवाद अधिनियम के अंतर्गत उद्योग की परिभाषा में नहीं आता। यह भी बताया गया है कि 20-6-1992 को ही आरोप-पत्र दे दिया गया था परन्तु निर्धारित अवधि में उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया एवं प्रार्थी को 29-10-92 की प्रार्थना पर डिफेन्स कोन्सलर नियुक्त कर समय देते हुए 2-12-1992 नियत की गई, जिसके बावजूद उपस्थित नहीं होने से एकपक्षीय जांच पूरी की गई, जो जांच अधिकारी ने उपलब्ध दस्तावेजात के अनुसार निर्णित की। शपथ-पत्र में बताया गया है कि प्रार्थी को मजदूर के पद पर लगाये जाने हेतु आयु हेतु ।ण-पत्र म गया था जिस हेतु ही प्रार्थी ने यह फर्जी प्रमाण-पत्र जो कि गंभीर आपराधिक कृत्य है।

6. प्रार्थी श्रमिक ने 27 फरवरी 1996 को प्रस्तुत अपने शपथ-पत्र में यह भी बताया है कि प्रार्थी द्वारा मांगने पर भी उसे इन्क्वायरी की कार्यवाही की कोई प्रतिलिपि नहीं दी गई तथा न ही प्रतिलिपि डिफेन्स कोन्सलर को दी गई तथा प्रार्थी ने अपने बचाव व बचाव की डिटेल जानकारी विपक्षी को भेजी थी तथा उसे देखे बिना ही फैसला कर दिया गया। यह भी बताया गया है कि प्रार्थी ने नगर परिषद्, जोधपुर से 17-9-92 को जन्म प्रमाणपत्र प्राप्त कर प्रस्तुत किया जो विपक्षी के यहां 24-9-1992 को प्रस्तुत किया था।

7. प्रार्थी ने अपने प्रतिपरीक्षण में जो बताया है उसके अनुसार उसने अप्रार्थी के यहां आयु प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किया तथा आयु के लिए केवल शपथ-पत्र प्रस्तुत किया था जिसमें जन्म तिथि 5-7-1960 अंकित की गई थी। प्रार्थी के अनुसार उसे आरोप-पत्र 20-6-92 को मिला तथा वह निर्धारित तिथि पर जांच में पहुंचा तथा उसने 29-10-92 को डिफेन्स नोमिनी के लिए समय मांगा जिस पर समय दिया गया तथा 2-12-1992 को जांच निश्चित होने का पत्र भी उसे प्राप्त हुआ जिस दिन वह बीमारी के कारण उपस्थित नहीं हो सका। प्रार्थी ने उसके द्वारा उसकी बीमारी बाबत भेजे गए पत्र की बाबत अनभिज्ञता जाहिर की है तथा यह बताया है कि जांच निर्णित किये जाने की उसे कोई सूचना नहीं दी गई। रजिस्टर्ड-पत्र से मैडिकल सर्टिफिकेट व बीमारी की सूचना भेजे जाने की ए. डी. पर 14-12-92 के प्राप्ति के हस्ताक्षर होने के बारे में ध्यान आकर्षित करने पर प्रार्थी श्रमिक ने बताया है कि पर 14-12-92 के गैरीसन इंजीनियर के हस्ताक्षर हैं तथा यह रजिस्टर्ड-पत्र 860 इंजीनियरिंग वर्क्स के द्वारा प्राप्त किये जाने से प्रार्थी ने इंकार किया है। प्रार्थी के अनुसार उसने 2-12-1992 से पूर्व ही अपना डिफेन्स नोमिनी नियुक्त कर दिया था।

8. विपक्षी के प्रभारी अधिकारी ने अपने शपथ-पत्र के प्रतिपरीक्षण में बताया है कि सन 1980 में मजदूर लगाने के लिए कोई शैक्षणिक योग्यता नहीं थी तथा मजदूर ही हैल्पर की ड्यूटी करते थे एवं उसे यह जानकारी नहीं है कि प्रार्थी ने शैक्षणिक योग्यता के लिए दस्तावेज पेश किए या नहीं। प्रभारी अधिकारी ने बताया है कि उनके कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार प्रार्थी को डिफेन्स नोमिनी के लिए समय दिया गया था, जांच के दौरान किन-किन गवाहान के बयान लिये गये इससे अनभिज्ञता जाहिर की। जांच अधिकारी ने यह भी बताया है कि प्रार्थी आर्मी एक्ट के अंतर्गत एनरोल्ड नहीं है तथा उनका विभाग वाटर इलैक्ट्रिक सप्लाई का कार्य करता है तथा भवन बनाने का कार्य भी करता है, नया निर्माण कार्य ठेकेदार से करवाता है।

9. उभयपक्ष के विद्वान अधिवक्ताओं के तर्क सुने गए तथा पत्रावली पर प्रस्तुत साक्ष्य एवं दस्तावेजों का भलीभांति अवलोकन किया गया।

10. दोनों पक्षों ने विभागीय जांच की वैधानिकता, दिये गये दण्ड की मात्रा तथा औद्योगिक विवाद अधिनियम के अंतर्गत विपक्षी उद्योग की परिधि में है या नहीं, इन बारे में इन बिन्दुओं पर एक साथ तर्क प्रस्तुत किये। विपक्षी की ओर से अधिनियम की धारा 11—ए के अंतर्गत इस आशय का भी एक आवेदन प्रस्तुत किया कि विभागीय जांच पूरी तरह से विधि एवं प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अंतर्गत की गई है तथा इस सबके बावजूद यदि न्यायालय जांच से सन्तुष्ट न हो तो साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाये।

11. सर्वप्रथम यह देखा जाना है कि क्या नियोजक संस्थान विपक्षी औद्योगिक विवाद अधिनियम के अन्तर्गत उद्योग की श्रेणी में आता है या नहीं। विद्वान अभिभाषक प्रार्थी ने तर्क दिया है कि केवल मात्र गैरीसन इंजीनियर आर्मी होने से ही यह नहीं माना जा सकता कि औद्योगिक विवाद अधिनियम के प्रावधान लागू नहीं होते। इसके विपरीत विपक्षी की ओर से बताया गया कि प्रार्थी को कार्य पर गैरीसन इंजीनियर द्वारा लिया गया था, जो केवल देश की आन्तरिक व बाहरी सुरक्षा का ही कार्य करता है तथा यह राज्य द्वारा ही किये जाने वाला कार्य है, अतः अधिनियम के प्रावधान लागू नहीं होते। विद्वान अभिभाषक ने अपने तर्क के समर्थन में माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय ए. आई. आर. 1978 उच्चतम न्यायालय पेज 548 बेंगलौर वाटर सप्लाई बनाम ए. राजप्पा व अन्य, प्रस्तुत किया, जिस व्यवस्था का आदरपूर्वक अवलोकन किया गया। उद्योग के बारे में यह व्यवस्था एक मूल आधारभूत न्यायदृष्टान्त है जिसमें किन कार्यों को कब उद्योग माना जा सकता है, इस बारे में विस्तृत व

बारीकी से सिद्धांत प्रतिपादित किया गया है "स्ट्रीक्टली स्वरिंग फंक्शन" उद्योग की श्रेणी में नहीं आता तथा ऐसे फंक्शनों में राज्य के आर्थिक कल्याणकारी कार्य इत्यादि नहीं आते, यह भी बताया गया है कि "प्रभुसत्ता सम्पन्न कृत्य" (स्वरेन फंक्शन) करने वाले विभागों में भी उन विभागों से विभाजित की जा सकने वाली ऐसी ईकाइयां हो सकती है जो अधिनियम की धारा 2(जे) के अन्तर्गत उद्योग की श्रेणी में आती है। यह एक अत्यन्त ही विस्तृत न्याय व्यवस्था है, जिसका इस मामले में विस्तार से उल्लेख करने में न तो यह न्यायालय सक्षम है न ही उचित प्रतीत होता है। इस व्यवस्था में कौन सा श्रमिक कामगार की श्रेणी में आता है, पर भी विचार किया गया है। इस न्यायदृष्टान्त में यह भी बताया गया है कि कोई कार्य प्रभुसत्ता सम्पन्न कृत्य में आता है या नहीं, यह निर्धारित करने के लिए यह जांचने के लिए यह देखा जा सकता है कि संबंधित कार्य किस प्रकृति का है तथा क्या यह ऐसा कार्य है जो कि राज्य किसी प्राईवेट संस्थान को दे सकता है। इस न्यायदृष्टान्त में यह सिद्धांत भी प्रतिपादित हुआ है कि ऐसे कार्य जो कि कठोरता से प्रभुसत्ता सम्पन्न कृत्य में आते हैं वे उद्योग की श्रेणी में नहीं आते।

12 सम्माननीय उच्चतम न्यायालय के उपरोक्त न्यायदृष्टान्त को मोटे तौर पर आगे के तमाम मामलों में मूल व्यवस्था माना गया है। निश्चित तौर से कठोरता से प्रभुसत्ता सम्पन्न कृत्य में आने वाले कार्य उद्योग की परिभाषा में नहीं आते। परिणामस्वरूप सम्बन्धित कार्य करने वाले व्यक्ति-श्रमिक की परिभाषा में नहीं आते। यहां यह उल्लेखनीय है कि सन् 1978 में उद्योग की परिभाषा धारा-2 में दी हुई थी जिसके बाद में सन् 1982 में अधिनियम में धारा 2 (जे) के अन्तर्गत उद्योग की परिभाषा में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ है तथमे प्रावधान संख्या-6 से सरकार के प्रभुसत्ता सम्पन्न कृत्य संबंधित तमाम कार्यों को उद्योग को परिभाषा में नहीं लिया गया है तथा प्रभुसत्ता सम्पन्न कृत्य में डिफेंस, रिसर्च अटोमी तथा अंतरिक्ष के संबंध में किया गया कार्य भी शामिल कर लिया गया है। सम्माननीय उच्चतम न्यायालय ने ही 1996 सुप्रीम कोर्ट कैसेज (एल. एण्ड एस.) पैज 500 चीफ कन्जरवेटर आफ फोरेस्ट व अन्य बनाम जगन्नाथ मारुति कोन्डारे व अन्य में भी इस प्रश्न को विस्तार से सिद्धांत प्रतिपादित किया है। इस न्यायदृष्टान्त के पैरा-12 में बताया गया है कि देश की प्रतिरक्षा, सेना में भर्ती तथा इसके रख-रखाव, विदेशी मामले, रिट्रेन टेरीट्री को प्राप्त कर रखने इत्यादि ऐसे कार्य हैं जो कि स्वैनिटी से संबंधित है तथा इन मामलो में साधारणतया व्यवहार न्यायालय का क्षेत्राधिकार नहीं होगा।

13. अतः स्पष्टतः यह प्रतीत होता है कि देश की सुरक्षा जैसे मामले उद्योग की परिभाषा में नहीं आते। विद्वान अभिभाषक प्रार्थी श्रमिक ने इस सम्बन्ध में तर्क दिया है कि प्रार्थी पर आर्मी एक्ट, नेवी एक्ट या एयरफोर्स एक्ट के प्रावधान लागू नहीं होते, अतः प्रार्थी श्रमिक की श्रेणी में आयेगा। विद्वान प्रार्थी का यह तर्क महत्व का है परन्तु श्रमिक की परिभाषा में ही यह बताया गया है कि आर्मी एक्ट, एयरफोर्स एक्ट व नेवी एक्ट जिन पर प्रभावी होते है वे व्यक्ति श्रमिक की परिभाषा में नहीं आते। ऐसे मामलों में अधिनियम की प्रभाविता के लिये प्रार्थी का श्रमिक होना भी आवश्यक है तथा विपक्षी का उद्योग होना आवश्यक है। किन्हीं मामलों में हो सकता है कि प्रार्थी श्रमिक के मामले में आवे परन्तु फिर भी यदि नियोजक उद्योग की परिधि में नहीं आवे तो श्रमिक को कोई लाभ नहीं मिल सकता। यहां पर जैसा कि उल्लेख किया जा चुका है सरकार व राज्य के ऐसे कार्य जो कि कठोरता से निश्चित तौर से प्रभुसत्ता सम्पन्न कृत्य में आते हैं वे उद्योग की श्रेणी में नहीं हैं तथा उद्योग की परिभाषा में भी यह स्पष्ट प्रकट कर दिया गया है कि रिसर्च, अटोमी, अंतरिक्ष का कार्य करने वाले संस्थान उद्योग की श्रेणी में नहीं हैं। किन्हीं मामलों में यह हो सकता है कि प्रार्थी सुरक्षा विभाग में काम कर रहा हो फिर भी उसके द्वारा किया गया या वह जिस ईकाई में कार्य कर रहा हो वह ईकाई ऐसी हो सकती है जो कि सुरक्षा के कार्य में नहीं आती परन्तु उसके लिये अलग से प्रार्थी द्वारा किये जा रहे कार्य व संबंधित तथ्यों का विश्लेषण करते समय विचार होगा।

14. प्रार्थी व विपक्षी के अनुसार प्रार्थी को सन् 1980 में मजदूर के पद पर लिया गया, मांग-पत्र में यह बताया गया है कि प्रार्थी की सन् 1988 में पदोन्नति की गई। विपक्षी के अनुसार पदोन्नति सन् 1987 में ही कर दी गई थी। इस तरह सन् 1987–88 में प्रार्थी पदोन्नति हो गया अर्थात् यह अत्यन्त निश्चित है कि प्रार्थी काफी वर्षों से एक नियमित कर्मचारी है। प्रार्थी ने अपने शपथपत्र में ही बताया है कि प्रार्थी सड़क व भवनों के निर्माण का कार्य करता है तथा भवनों में लकड़ी व बिजली फिटिंग का कार्य करवाता है। इस तरह यह प्रमाणित है कि मिल्ट्री सम्बन्धी बिल्डिंगों के काम विपक्षी द्वारा कराये जाते हैं तथा उसमें विद्युत् कनैक्शन इत्यादि के काम किये जाते हैं। प्रार्थी ने इस बारे में और कुछ नहीं बताया है तथा विपक्षी के प्रभारी अधिकारी ने अपने प्रतिपरीक्षण में बताया है कि विभाग भवन इत्यादि बनाने का कार्य करता है तथा वाटर, इलैक्ट्रिक का कार्य भी करता है, यह भी बताया है कि नया निर्माण कार्य ठेकेदार से करवाता है। इससे स्पष्ट है कि सड़क, भवन बनाकर पूर्ण हो जावे उसके बाद भी विपक्षी का कार्य उनके रख-रखाव का, उनमें बिजली पानी इत्यादि की फिटिंग करवाने का तथा बनाये रखने का चलता रहता है। अर्थात् ऐसा नहीं है कि विपक्षी का कार्य भवन या सड़क बनाकर उसे अन्य को सुपुर्द कर देने का है। कहने की आवश्यकता नहीं है कि भवन व सड़क भी सुरक्षा की दृष्टि से अति-अति आवश्यक है। प्रार्थी सन् 1980 से सन् 1992 तक लगातार कार्य करता रहा अर्थात् नियमित

कर्मचारी भी हो गया अतः प्रार्थी के द्वारा किया जा रहा कार्य तथा प्रार्थी जहां जो कार्य करता था वह एक अलग से विभाजित होने योग्य ईकाई नहीं थी। अतः यह निष्कर्ष स्पष्ट होता है कि प्रार्थी देश की सुरक्षा के संबंध में अर्थात् प्रभुसत्ता सम्पन्न कृत्य के कार्यों में लगा हुआ था।

15. अतः अप्रार्थी नियोजक अधिनियम के अन्तर्गत उद्योग की परिधि में नहीं आता है। परिणामस्वरूप प्रार्थी को इस अधिकरण द्वारा कोई अनुतोष नहीं दिया जा सकता।

16. अप्रार्थी उद्योग नहीं है: अतः अन्य प्रश्नों पर विचार करने की आवश्यकता नहीं रह जाती परन्तु फिर भी समस्त निर्णायक प्रश्नों का निष्कर्ष देने के उद्देश्य से अन्य प्रश्नों पर संक्षिप्त में विचार कर लेना उचित है।

17. विद्वान् अभिभाषक प्रार्थी ने यह तर्क दिया है कि यदि तर्क के तौर पर मान ले कि प्रार्थी ने गलत प्रमाण-पत्र दिया था तो प्रथम तो मजदूर के पद के लिये कोई भी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आवश्यक नहीं थी तथा यदि सेवा समाप्त की जानी थी तो नियमानुसार विभागीय जांच करके की जानी चाहिए थी तथा विभागीय जांच प्रार्थी के बीमार होने से उसके अनुपस्थित होने के कारण इकतरफा कर दी गई जो न्यायोचित नहीं है। प्रार्थी 2-12-1992 को बीमार होने के कारण उपस्थित नहीं हो सका, जिसका मैडिकल प्रमाण पत्र भी उसने पंजीकृत डाक से भेज दिया था। विद्वान अभिभाषक प्रार्थी ने इस संबंध में सम्माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय का न्यायदृष्टान्त 1995 एल.एल.आर. पेज 935 डायरेक्टर सेंट्रल स्टेट फार्म जैतासर बनाम दी स्टेट आफ राजस्थान म अन्य प्रस्तुत किया है। इसके विपरीत विद्वान अभिभाषक विपक्षी ने तर्क दिया है कि विभागीय जांच तीन महीने से चल रही थी तथा प्रार्थी को अपना डिफेंस नोमिनी लेने के लिये समय दे दिया गया था उसको डिफेंस नोमिनी निर्धारित तिथि के रोज उपस्थित करने था या उसको स्वयं को उपस्थित होना था। यह भी तर्क दिया गया है कि यदि तर्क के तौर पर प्रार्थी का बीमार होना मान ले तो भी प्रार्थी की स्वयं की ड्यूटी थी कि वह निश्चित समय पर विपक्षी को सूचित करता तथा विपक्षी को पंजीकृत डाक से भेजा गया पत्र 14-12-1992 को ही मिला है। इस संबंध में यह भी बताया गया है कि प्रार्थी को निलम्बित कर दिया गया था, परन्तु उसका मुख्यालय जोधपुर होना मानने का कोई कारण नहीं है अतः यह और भी आवश्यक था कि प्रार्थी स्वयं ध्यान रखता यह भी भी बताया गया है कि यदि 2-12-1992 को प्रार्थी उपस्थित नहीं हो सका तब भी जांच के तुरन्त बाद उसे ध्यान देना चाहिये था कि क्या हुआ विपक्षी की ओर से इस संबंध में सम्माननीय उच्चतम न्यायालय का न्यायदृष्टान्त 1994(2) सुप्रीम कोर्ट कैसज 615 बैंक आफ इण्डिया बनाम अपूर्वकुमार शाह प्रस्तुत किया गया है तथा बताया गया है कि सम्माननीय उच्च न्यायालय की प्रस्तुत प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत की गई अवस्था में कोई जांच ही नहीं हुई थी। तमाम तर्कों पर गहराई से विचार किया गया इस बारे में कोई विवाद नहीं है कि निर्धारित तिथि 2-12-1992 को प्रार्थी के अनुपस्थित रहने का कोई कारण या जानकारी विपक्षी को नहीं दी गई, पंजीकृत डाक से जो पत्र भेजा गया वह प्रार्थी स्वयं द्वारा प्रस्तुत ए.डी. के अनुसार दिनांक 16-12-1992 को जांच अधिकारी को मिला। इस संबंध में यह उल्लेखनीय है कि ए.डी. के अनुसार पंजीकृत डाक से यह पत्र भी दिसम्बर माह की एक या दो तारीख को भेजा गया था, डिफेंस नोमिनी प्रस्तुत करने के लिये समय दिया गया था तथा प्रस्तुत दस्तावेजात से यह मालूम होता है कि प्रार्थी ने इस जांच में देरी की क्योंकि श्री रतन का स्वीकृति पत्र दिनांक 1-12-1992 का है तथा स्वयं प्रार्थी ने इसे नियुक्त करने के लिये प्रार्थना की जिस पर 22-12-1992 के हस्ताक्षर हैं। इस तरह न्यायालय की राय में प्रार्थी ने जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित होने की तरफ विशेष ध्यान नहीं दिया तथा बीमार था तो भी सूचना देता। वह उसके बाद भी कार्यवाही में प्रार्थी ने कोई तत्परता नहीं दिखाई। अतः विभागीय जांच में कोई अनियमितता प्रकट नहीं होती है, जांच पूरी तरह से विधिनुसार प्रतीत होती है। यहां पर यह उल्लेख करना उचित होगा कि जांच सी.सी.ए. रूल्स के अन्तर्गत की गई थी तथा यहां यह भी स्पष्ट करना उचित होगा कि जब सी.सी.ए. रूल्स प्रभावी हो गये थे तब भी क्या प्रार्थी अधिनियम के अन्तर्गत मजदूर की श्रेणी में आता है। अन्ततः प्रार्थी की ओर से बताया गया कि दी गई सजा अत्याधिक है तथा प्रार्थी 12 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुका था व मजदूर के लिये कोई शैक्षणिक योग्यता नहीं थी अतः वेतन वृद्धि या इसी तरह का दण्ड दिया जाना भी पर्याप्त हो सकता था। निश्चित तौर से मजदूर के लिये शिक्षित होना आवश्यक नहीं था परन्तु इस मामले में महत्वपूर्ण पहलू यह है कि प्रार्थी मजदूर ही नहीं रहा बल्कि इसके बाद मांग-पत्र के अनुसार वर्ष 1988 में पदोन्नत होकर हैमरमैन हो गया। यह मानने का कोई आधार ही नहीं है कि जब नियमित सेवा में हो गया था तथा पदोन्नत हो गया था तब भी शिक्षित होना आवश्यक नहीं था। अतः दण्ड में कमी किये जाने का भी कोई उचित व मजबूत कारण प्रतीत नहीं होता। प्रार्थी की ओर से यह भी बताया गया है कि उसने नगरपालिका जोधपुर से जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत कर दिया था, इस प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि न्यायालय के रिकार्ड पर है जिसके अनुसार इस जन्म का पंजीकृत सितम्बर 1992 में ही कराया गया था। अतः यह विभागीय जांच प्रारम्भ होने के बाद कराया गया है।

अतः इसके आधार पर इस स्टेज पर इस मामले में प्रार्थी को कोई सहायता नहीं मिल सकती। इसी क्रम में प्रार्थी की ओर से यह भी बताया गया है कि स्कूल प्रमाण पत्र केवल आयु निर्धारण के लिये प्रस्तुत किया था। यदि तर्क के लिये ऐसा माना जाये तब भी प्रमाण पत्र मान्य होना प्रमाणित नहीं होता है तो इस प्रमाण पत्र के आधार पर आयु भी सही नहीं मानी जा सकती तो फिर प्रश्न यह उत्पन्न हो जाता है कि प्रार्थी उस समय क्या आयु का था जो आयु मजदूर बनने के लिये कम से कम होना आवश्यक थी।

18. अतः यह रेफरेंस नकारात्मक तौर से निर्णित होने योग्य है। यह भी निर्धारित होता है कि अप्रार्थी द्वारा प्रार्थी की सेवा समाप्त करना विधिनुरूप व उचित है।

19. इस तरह श्री अब्दुल करीम का सेवा से पृथक किये जाने का आदेश विधि विरुद्ध नहीं माना जा सकता। इसके विपरीत यह विधिनुसार व पूर्णतया विधिवत् है। प्रकरण के अन्तिम निस्तारण के पहले यह उचित प्रतीत होता है कि प्रार्थी ने सन् 1980 में सेवा प्रारम्भ की थी तथा उसे 9-1-1993 को सेवा से हटाया गया इस तरह उसकी 12½-13 वर्ष की सेवा पूर्ण हो चुकी थी। यह सही है कि प्रार्थी को प्रारम्भ में मजदूर के पद पर लगाया गया, जिस पद के लिये उसका शिक्षित होना आवश्यक नहीं है। अतः रेफरेंस के विस्तारण के साथ पूर्णतया सहानभूति व इसी तरह के तथ्यों के आधार पर यह निर्देश देना उचित है कि यदि प्रार्थी के इस सेवाकाल के आधार पर उसे नियमानुसार कोई पेंशन दी जा सकती है तो पेंशन देने के लिये विभाग विचार करे। यह पेंशन यदि देय है व दी जाती है तो प्रार्थी को मजदूर मानते हुए दी जायेगी तथा विभाग यदि ठीक समझे तो इस संबंध में उचित कार्यवाही करे। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि पेंशन दिये जाने योग्य है या नहीं, इस बारे में जहां तक इस न्यायालय का प्रश्न है, कोई अन्य कार्यवाही नहीं की जायेगी परन्तु प्रार्थी के 13 वर्ष की उचित सेवाओं को देखते हुए विभाग से उचित कार्यवाही करने की अपेक्षा की जा सकती है।

अधिनिर्णय

20. अतः यह अधिनिर्णीत किया जाता है कि गैरीसन इंजीनियर (आर्मी) 860 बांच 56 ए.पी.ओ. जैसलमेर द्वारा दिनांक 9-1-1993 से प्रार्थी अब्दुल करीम की सेवा समाप्त करने का आदेश विधिनुसार व उचित है। इस अधिनिर्णय की प्रति वास्ते प्रकाशनार्थ श्रम मंत्रालय, भारत सरकार को प्रेषित की जावे।

21. यह अधिनिर्णय आज दिनांक 18-10-1997 को खुले न्यायालय में हस्ताक्षर कर सुनाया गया।

चांदमल तोतला, न्यायाधीश

153 GI/98—13

नई दिल्ली, 6 जनवरी, 1998

का.आ. 256.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार मै. एयर इंडिया के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबन्ध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण (सं. 2), मुम्बई के पंचाट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 2-1-98 को प्राप्त हुआ था।

[स. एल-11012/10/96-आई आर (सी-I)]
के.वी.बी. उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 6th January, 1998

S.O 256.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Central Government Industrial Tribunal (No. 2), Mumbai as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of M/s. Air India and their workman, which was received by the Central Government on 2-1-98.

[No. L-11012/10/96-IR(C-I)]
K. V. B. UNNY, Desk Officer

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL NO. II, MUMBAI

PRESENT :

Shri S. B. Panse, Presiding Officer.

Reference No. CGIT-2/7 of 1997

Employers in relation to the Management of Air India.

AND

Their Workmen.

APPEARANCES :

For the Employer : Mr. A. R. Kulkarni, Mrs. P. A. Kulkarni, Mr. N. S. Lal, Advocates.

For the Workmen : Mr. M. B. Anchan, Advocate.

Mumbai, the 9th December, 1997

AWARD—PART-I

The Government of India, Ministry of Labour by its Order No. L-11012/10/96-IR(Coal-I), dated 18-2-97 had referred to the following Industrial Dispute for adjudication :

"Whether the action of the management of Air India Limited in terminating the services of Shri M. P. Arya is legal and justified ? If not, to what relief is the said workman entitled ?"

2. M. P. Arya, the workman filed a statement of claim at Exhibit-3. He contended that the domestic inquiry was conducted against him for a chargesheet dated 24-4-1989 for the alleged misconduct of 188 days absence without permission during the period from 25-8-88 and 28-2-89.

3. The workman asserted that the inquiry was ex-parte. He was never served with the charge-sheet nor he was informed regarding the appointment of the inquiry officer. He asserted that he was never given any intimation in respect of the inquiry dates nor he was allowed to cross-examine the management witnesses. It is submitted that he was not given copy of the report of the inquiry officer. He submitted that when he was at his native place he received a letter dated 23-5-89 from the management asking him to attend the inquiry on 28-6-89. He replied the same on

30-5-89 stating that he is sick and will attend the duty after getting fit and requested for the postponment of the inquiry to the further date. He send that letter by registered post but instead of postponing the inquiry it appears that the management continued to carry out the ex-parte inquiry.

4. The workman asserted that the domestic inquiry which was held against him was against the Principles of Natural Justice and the findings of the inquiry officer are perverse. He therefore, prayed that he may be reinstated in service in continuity alongwith full back wages and other reliefs.

5. The management resisted the claim by the written statement (Exhibit-5). It is asserted that the workman was first appointment as a loader. His work was dissatisfactory. It is therefore his probation was extended. Then his service was terminated effective from 15-7-79. Thereafter the management considered his appeal on compassionate ground and he was reinstated in service w.e.f. 21-1-86. His performance was not upto the mark and he was issued warning letters on two grounds that is on 16-3-87 and 17-7-87. Thereafter he remained absent unauthorisedly for 25 days during the period from 1987 to March 1988. After full-fledged inquiry his one increment was stopped. In spite of all these facts the workman continued to remain absent for 188 days during the period from 25-8-88 to 28-2-89.

6. The management averred that the workman was chargesheeted for remaining unauthorisedly absent. The inquiry committee had send all the communication to the workman. Further the same were received by the management undelivered with remarks 'left' 'not known'. Under such circumstances the management was left with no alternative but to conduct the inquiry ex-parte. The inquiry was adjourned from time to time to give time to the workman but he continued to remain absent. When the inquiry committee took the decision to proceed ex-parte it recorded the statement of one N. S. Narkar from the time office who produce record of absenteeism of the workman. After considering the record the committee gave its findings which are based on the evidence before it. It is asserted that the inquiry which was conducted against the workman was as per the principles of natural justice and the findings of the inquiry officer are legal and proper. It is submitted that the reference suffers from latches. It is averred that under such circumstances the workman is not entitled to any of the reliefs.

7. The workman filed a rejoinder at Exhibit-8. It is pleaded that when he was sick and was staying in his native place he informed the management regarding the same. It is averred that he only received one letter from the covenor asking him to attend the inquiry on 28-6-89 for which he replied and asked for further adiournment due to the sickness. It is submitted that when he was declared fit by the hospital he reported for duty on 1-1-90 but on that day he was not allowed to resume the duty and he was told that his services have been terminated. It is submitted that the chargesheet was issued under the Air India staff regulations framed under the Air Corporation Act but as the Delhi High Court struck the regulations, the inquiry is against the principles of natural justice.

8. The issues are framed at Exhibit-10. The Issue Nos. 1 and 2 are treated as preliminary issues :

Issues	Findings
1. Whether the domestic inquiry which was held against the worker was against the Principles of Natural Justice ?	Yes.
2. Whether the findings of the inquiry officer are perverse	Yes.

REASONS

9. M. P. Arya (Exhibit-11) affirmed that he did not receive the chargesheet dated 24-4-89 nor the dates of the inquiry were communicated to him. On its basis he submits that enquiry which was conducted against him is vitiated. He further affirmed that he was not served with a copy of the inquiry proceedings and also report of the inquiry officer. He was not served with a show cause notice in respect of the proposed punishment. In the cross-examination of Arya it is tried to bring on the record that when he got the job he gave his address of Vile Parle. It was suggested to him that when he shifted to other place he did not inform the management regarding change of address but he denied the suggestion. But he accepts the position that he do not have any acknowledgement of informing the management regarding the change of address.

10. It is not in dispute that the workman was not served with a chargesheet or any of the matter relating to the inquiry, Now it is to be seen whether the inquiry which is conducted against the workman is justified.

11. Ashok Narkar (Exhibit-14) is the Senior Office Assistant in the company in time office. He affirmed regarding the absenteeism of the workman. But so far as the inquiry is concerned his testimony is not of any help. At the most it can be said that his testimony is helpful to consider whether the workman was absent during the relevant period or not. For deciding Issue Nos. 1 and 2 his testimony has no merit.

12. Salvine D'Costa (Exhibit-16) is the Deputy Manager, Administrative. He is in charge of Ramp Operation Divisions in which the concerned workman was working. He claims to know all facts of the case. He affirmed that the 19 envelopes which are produced alongwith Exhibit-15 contains chargesheet and various communication by the management and the inquiry committee in respect of the inquiries conducted against the workman. In the cross-examination he affirms that they have received the acknowledgement dated 3-9-88 from the workman stating that he received the charecsheet which is at Exhibit-6/35. It can be seen that the workman was chargesheeted in the year 1988 for 25 days absenteeism. Again he was chargesheeted for absenteeism for which he is terminated. The letter dated 3-9-88 relate to the first chargesheet and not the second chargesheet on which the termination had taken place. In other words it has to be said that there is no proof to show that the worker was served with the concerned chargesheet.

13. D'Costa affirmed that the second chargesheet is dated 24-4-89 which was send to the workman in an envelope (Exhibit-15/1). Exhibit-15/1 bears the address of J. M. Pora Chawl. Vile Pare, Bombay-400056. It came back with an endorsement 'not known'. It is common knowledge that when a person applies for employment his present address and the native place address is always mentioned on the application. It is not the case of the management that they do not have such an address of the worker because at Exhibit-15/3 envelope No. 5 there is an address of the workman as village Amoli, Post Baijinathgarod. District Almora (U.P.). This envelope appears to be refused by the workman. If really they wanted to serve the workman they would have send the chargesheet on this address also. But admittedly they had not done so. Further more they have not send the inquiry report to the workman on his native place address. They have also not send a show cause notice of the proposed punishment to the workman on the address of his native place. In other words it has to be said that the worker was not communicated in respect of the inquiry. For all these reasons it has to be said that the inquiry which was conducted against the workman is against the Principles of Natural Justice.

14. The worker could not get any opportunity to cross-examine the management witnesses. Naturally the evidence on the record cannot be said to be proper for coming to the conclusion. I, therefore, find that the findings of the inquiry officer are perverse.

15. The management in the written statement had pleaded thtat if the Tribunal comes to the conclusion that the domestic inquiry which is held against the workman is against the Principles of Natural Justice. They may be given an opportunity to justify their action. I allow that prayer. In the result I record my findings on the issues accordingly and pass the following order :

ORDER

1. The domestic inquiry which was conducted against the workman was against the Principles of Natural Justice.

2. The findings of the inquiry officer are perverse.

3. The management is allowed to lend evidence to justify its action.

S. B. PANSE, Presiding Officer

नई दिल्ली, 9 जनवरी, 1998

का.आ. 257.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार गोग्टे मिनरल्स के प्रबन्ध तंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबन्ध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, सं. 2, मुम्बई के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 9-1-98 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-29011/9/92-आई आर (विविध)]

के.वी.बी. उण्णी, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 9th January, 1998

S.O. 257.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award of the Central Government Industrial Tribunal, No. 2, Mumbai as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of M|s. Gogte Minerals and their workman, which was received by the Central Government on the 9-1-1998.

[No. L-29011|9|92-IR(Misc.)]

K. V. B. UNNY, Desk Officer

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL NO. 2, MUMBAI

PRESENT :

Shri S. B. Panse, Presiding Officer.

Reference No. CGIT-2|23 of 1993
Employers in Relation to the management of M/s. Gogte Minerals.

AND

Their workmen.

CORRIGENDUM IN AWARD DATED) 27-08-97

On page 23, para 2 of the final order the date 5-2-92 should be read as 5-2-93.

S. B. PANSE, Presiding Officer

Mumbai :
9-12-1997.

नई दिल्ली, 1 जनवरी, 1998

का०आ० 258.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार डी०वी०सी० माईन्स के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, धनबाद नं० 2 के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 30-12-97 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल-24011/6/86-डी IV (बी)]

बी०एम० डेविड, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 1st January, 1998

S.O. 258.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award of the Central Government Industrial Tribunal, Dhanbad No. 2 as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of D.V.C. Mines and their workman, which was received by the Central Government on the 30-12-97.

[No. L-24011/6 86-D.IV(B)]

B. M. DAVID, Desk Officer

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL (NO. 2) AT DHANBAD

PRESENT :

Shri B. B. Chatterjee, Presiding Officer.

In the matter of an Industrial Dispute under Section 10(1)(d) of the I. D. Act, 1947.

REFERRE NO. 123 OF 1987

PARTIES :

Employers in relation to the management of D.V.C. Mines, Bermo, P.O. Bermo, Distt. Giridih and their workmen.

APPEARANCES :

On behalf of the workmen : None.

On behalf of the employer : Shri S. K. Choudhary, Agent.

STATE : Bihar INDUSTRY : Coal

Dated, Dhanbad, the 22nd December, 1997

AWARD

The Govt. of India, Ministry of Labour, in exercise of the powers conferred on them under Section 10(1)(d) of the I.D. Act, 1947 has referred the following dispute to this Tribunal for adjudication vide their Order No. L-24011/6/86-D.IV(B), dated, the 10th April, 1987.

SCHEDULE

"Whether the action of the Management of DVC Mines Bermo, P.O. Bermo, Distt. Giridih :—

(i) in denying payment since 1983 to the employees as defined in clause 5.4.1 and 3.4.1 of NCWA-II and NCWA-III respectively which has already been agreed to by the management is legal and justified ?

(ii) in denying services to the dependants of the deceased employees or employees who sought voluntary retirement as required under clause 10.4.3 and 9.4.3 NCWA II and NCWA-III respectively is legal and justified ?

If not, to what relief are the concerned workmen entitled ?"

